

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 04 : अंक : 91 | ग्वालियर, गुरुवार 20 मई 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## पीएम ने की वित्तीय सहायता घोषणा, राज्य में तत्काल राहत के लिए दिए 1 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात और दीव में चक्रवात तौकते से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया. उनके साथ गुजरात के सीएम विजय रुपाणी भी मौजूद रहे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तौकेत तूफान से हुई स्थिति और नुकसान का आकलन करने के लिए अहमदाबाद में समीक्षा बैठक की. पीएम ने वित्तीय सहायता की घोषणा, राज्य में तत्काल राहत के लिए 1 हजार करोड़ दिए . साथ ही मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और चक्रवात तौकते के कारण घायलों के लिए 50,000 रुपये पूरे भारत में प्रभावित सभी लोगों को दिए जाएंगे.

सीएम विजय रूपानी ने बताया कि पीएम मोदी चक्रवात तौकते की चपेट में आए अमरेली, गिर सोमनाथ और भावनगर जिलों के इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया. वहीं, अरब सागर में उठा समुद्री तूफान तौकते गुजरात से टकराकर सिरोही जिले में तेज वेग से आने की संभावना थी, लेकिन रात में रास्ता बदलकर निकल गया. लेकिन उसके प्रभाव से माउंट आबू में तेज हवाएं चली और बारिश भी हुई. जिससे कई मकानों के टीनशेड उड़ गये. साथ ही गुरुशिखर रोड पर पेड़ गिया गया, जिससे आवागमन बाधित हो गया. आपदा प्रबंधन की टीमों ने हटाकर रास्ता साफ कराया.

### पीएम मोदी के हवाई सर्वेक्षण पर एनसीपी ने उठाए सवाल

प्रधानमंत्री मोदी के चक्रवाती तूफान से प्रभावित इलाकों के हवाई सर्वे को लेकर एनसीपी ने सवाल उठाए हैं. एनसीपी ने कहा कि चक्रवात तौकते की वजह से कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात और दीव में नुकसान हुआ है. महाराष्ट्र के 5 ज़िलों में बड़ी तबाही हुई. प्रधानमंत्री आज दीव और गुजरात का हवाई सर्वेक्षण करेंगे. सवाल है कि महाराष्ट्र का हवाई सर्वेक्षण क्यों नहीं किया गया. क्या ये भेदभाव है? बता दें कि गोवा, महाराष्ट्र और फिर गुजरात में तबाही मचाने के बाद चक्रवाती तूफान तौकते अब राजस्थान की ओर बढ़ रहा है. राजस्थान में तौकते तूफान का असर दिखना शुरू हो गया है. सुबह से जयपुर समेत कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी है. राजस्थान के 20 जिलों में चक्रवात तौकते का आज असर रहेगा. आज तूफान उदयपुर औऱ सिरोही होते हुए जोधपुर, कोटा तक पहुंचेगा. मौसम विभाग ने 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, लेकिन उनका एक पूर्वानुमान यह भी है कि राजस्थान में तूफान से तबाही की उम्मीद कम है.

### विरासत को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: प्रह्लाद सिंह पटेल

नई दिल्ली। विश्व संग्रहालय दिवस के मौके पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी ने वेबिनार में शिरकत की और संबोधन दिया. जिसमें डॉ सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, प्रोफेसर मानवी सेठ, डीन, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, आईआईएम अहमदाबाद से प्रो. अमित कर्ण, ईमेंसिव ट्रेल्स के डॉ तथागत नियोगी और कलाक्षेत्र फाउंडेशन से डॉ बेसी सेसिल वक्ता के तौर पर मौजूद रहे और अपने विचार रखे. केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सभी देशवासियों को विश्व संग्रहालय दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि संग्रहालय हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य की समृद्धि का परिचय हैं एक समाज धन से संपन्न होता है लेकिन समृद्ध अपनी विरासत से होता हैं, अपनी धरोहरों से होता है. विश्व संग्रहालय दिवस पर हम अपनी धरोहरों को संरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए. गोंड राजाओं का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनको को पत्थर की समझ बहुत अच्छी थी, उन्होंने नर्मदा जैसी नदी के नीचे से सुरंग निकाली, ये उनकी परख के चलते ही संभव हो सका होगा. लेकिन इन बातों को कहीं लिपिबद्ध नहीं किया गया उन्होंने कहा कि इनका जिक्र सिर्फ बातचीत के दौरान ही आता है जबकि ये लिखित रूप से दुनिया के सामने आनी चाहिए थी. ये हमारी बहुत बड़ी कमजोरी साबित करता है. ऐसी ही बहुत सारी जनजातियां हैं जिनकी खासियत इन्हीं सब अभाव के कारण प्रकाश में आई ही नहीं. हम सबके सामने बड़ी चुनौतियां हैं, हमारे पास एक दर्जन म्यूजियम हैं लेकिन हम उनका 60 फीसदी ही प्रदर्शित कर पाते हैं. हमें ये ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए कि हमारे पास बहुत कुछ है लेकिन हम उन्हें प्रदर्शित ही नहीं कर पाते. दो सत्र में चली परिचर्चा में केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कल्चर स्पेस बनाने की बात करते हैं.

## तौकते की तबाही के बाद एक और खतरा, चंद घंटों बाद आएगा चक्रवात यास

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान तौकते ने गुजरात, महाराष्ट्र कई कई हिस्सों में तबाही फैलाई है. एक ओर जहां गुजरात में 13 लोगों की तूफान से मौत हुई तो वहीं महाराष्ट्र में 6 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की सूचना है. इसके साथ ही जिन जगहों से तूफान गुजरा, वहां तबाही का अलग ही मंजर दिखा. इन सब के बीच अब खबर है कि पांच दिन बाद एक और तूफान आने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार 23-24 मई के दौरान तूफान यास बंगाल की खाड़ी से टकराएगा. इस बार तूफान का नाम ओमान ने दिया है. मौसम विज्ञानी यास को भी बेहद खतरनाक मान रहे हैं. इस चक्रवाती तूफान का असर अंडमान निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर होगा.



### तौकते ने मचाई भारी तबाही

दूसरी ओर गुजरात में चक्रवात तौकते के कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी जबकि तूफान की वजह से कई इलाकों में भारी बारिश तथा नुकसान की खबर है, वहीं भारतीय नौसेना व तटरक्षक बलों ने मुंबई के निकट अरब सागर में फंसे दो बजरों में मौजूद 317 लोगों को सुरक्षित बचा लिया. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. कमजोर पड़ने से पहले सोमवार देर रात गुजरात में दस्तक देने वाले चक्रवाती तूफान के कारण राज्य को भारी बारिश का सामना करना पड़ा तथा इस दौरान चली तेज रफ्तार आंधी के कारण कई खंभे व पेड़ उखड़ गए तथा घरों व सड़कों को भी नुकसान पहुंचा.

### यहां मंडरा रहा है खतरा

भारत मौसम विभाग में चक्रवात विभाग की प्रभारी सुनीता देवी ने बताया कि अगले हफ्ते पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं. मौसम विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है. उन्होंने निम्न दबाव प्रणाली तेज होने के संकेत भी दिए. देवी ने कहा कि समुद्री सतह का तापमान एसएसटी बंगाल की खाड़ी के ऊपर 31 डिग्री है. यह औसत से लगभग 1-2 डिग्री सेल्सियस ऊपर है. सभी समुद्री और वायुमंडलीय परिस्थितियां चक्रवाती तूफान के अनुकूल हैं. स्पेशल अलर्ट में कहा गया है कि 23-24 मई को साइक्लोन बनने के बाद ये 27 से 29 मई के बीच लैंडफॉल का कारण बन सकता है. इस चक्रवाती तूफान का असर अंडमान निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर होगा. इस वक्त हवाओं की स्पीड का अनुमान 140 से 150 किलोमीटर के करीब जताया गया है.

### फिलहाल गुजरात से गुजर रहा तौकते

मौसम विभाग ने कहा कि तौकते गुजरात के तट से बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान के तौर पर आधी रात के करीब गुजरा और धीरे-धीरे कमजोर होकर गंभीर चक्रवाती तूफान तथा बाद में और कमजोर होकर अब चक्रवाती तूफान में बदल गया है. प्रदेश के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने कहा कि 16, 000 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा, 40 हजार से ज्यादा पेड़ और 70 हजार से ज्यादा बिजली के खंभे उखड़ गए जबकि 5951 गांवों में बिजली चली गई. मीडिया को जानकारी देते हुए रुपाणी ने कहा कि चक्रवात के कारण मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा 13 का है.

## पीसी चाको को एनसीपी ने केरल का अध्यक्ष बनाया

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की केरल इकाई का प्रमुख पीसी चाको को बनाया गया है. पार्टी महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को इस बाबत घोषणा की. चाको इस वर्ष मार्च में ही राकांपा में शामिल हुए थे. इससे पहले वह कांग्रेस में थे. पीसी चाको को संबोधित पत्र में पटेल के हवाले से कहा गया है, राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने आपको तत्काल प्रभाव से राकांपा की केरल इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है. मुझे विश्वास है कि आप राज्य में हमारी पार्टी के विकास के लिए कड़ी मेहनत करेंगे. राज्यसभा सदस्य पटेल ने इस पत्र की प्रति ट्विटर पर साझा की और चाको को बधाई दी. चाको ने पार्टी के वरिष्ठ नेता टी पी पीठाम्बरम की जगह ली है जो राज्य इकाई के अध्यक्ष थॉमस चांडी के दिसंबर 2019 में निधन के बाद से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अस्थायी रूप से संभाल रहे थे.



### 10 मार्च को कांग्रेस नेता पीसी चाको ने पार्टी से इस्तीफा दिया

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीसी चाको ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी सी चाको ने कहा था कि सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखने वालों में वही लोग शामिल हैं जो लोग राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने के खिलाफ हैं. उक्त उन्होंने कहा था कि दिल्ली ये पत्र मीडिया में लीक नहीं होना चाहिए था. कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सही उम्मीदवार राहुल गांधी ही हैं. खराब स्वास्थ्य के चलते सोनिया गांधी का अध्यक्ष पद पर बने रहना मुश्किल है. कुछ लोग राहुल गांधी के काम करने के तरीके को पसंद नहीं करते हैं, लेकिन अकेले वही व्यक्ति हैं जो मोदी के खिलाफ खड़े हो सकते हैं. लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है, चाको ने कहा. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चिट्ठी लिखने वालों में वही लोग शामिल हैं जो राहुल गांधी को अध्यक्ष पद पर नहीं देखना चाहते.

### सेना प्रमुख एमएम नरवणे का बड़ा बयान चीन की हर हरकत पर पूरी नजर

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने चीन को लेकर बड़ा बयान दिया हैं. उन्होंने कहा कि चीन की हर हरकत पर हम पूरी तरह नजर बनाए हुए है. हम सभी इस विशेष अवधि के दौरान अपने प्रशिक्षण क्षेत्रों में आते हैं. इसी तरह चीन भी उसके प्रशिक्षण क्षेत्र में आ गया है. ऐसे किसी भी क्षेत्र में कोई हलचल नहीं हुई है, जहां से हम अलग हुए हैं. पैंगोंग त्सो विघटन को दोनों पक्षों के सहमति से किया गया है. वहीं, सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे कोरोना पर कहा कि अप्रैल के मध्य में सैन्य अस्पतालों में लगभग 1,800 ऑक्सीजन बेड थे. यह संख्या अब बढ़कर करीब चार हजार हो गई है. हमने ऑक्सीजन संयंत्रों की संख्या दोगुनी कर 42 कर दी. सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि जहां तक बल संरक्षण का संबंध है, वे सभी निर्देश जो हमने पिछले वर्ष पारित किए थे, उन्हें इस वर्ष भी फिर से लागू कर दिया गया है.

स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी

## कोरोना से ठीक होने के 3 महीने बाद लगेगी वैक्सीन

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए लगातार सरकार की ओर से नए-नए कदम उठाए जा रहे हैं. इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने की ओर से कोरोना वैक्सीन लगाने को लेकर दिए गए सुझाव को मंजूरी दे दी है. सिफारिशों में यह कहा गया था कि कोरोना से ठीक होने के बाद मरीजों को 3 महीने के बाद ही वैक्सीन की डोज दी जाए. स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस सुझाव को अनुमति दे दी है. एनईजीवीएसी की नई सिफारिशों के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को वैक्सीन की पहली डोज़ लगाने के बाद कोरोना हो जाता है तो उसे 3 महीने के बाद ही दूसरी डोज दी जाएगी. गंभीर रूप से बीमार होने के बाद भी वैक्सीन की दो डोज के बीच 2 महीने का अंतर होना चाहिए, लेकिन वैक्सीन लगाने या करोना की रिपोर्ट आने के 14 दिनों के बाद कोई भी स्वस्थ व्यक्ति ब्लड डोनेट कर सकता है. साथ ही स्तनपान करा रही सभी महिलाओं को कोविड वैक्सीन की डोज देने के लिए कहा गया है.






ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


## राजस्थान में फिर चढ़ा सियासी पारा, सीएम गहलोत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की राजनीतिक मुश्किलें फिर बढती जा रहीं हैं. विधायक हेमाराम चौधरी के इस्तीफे के बाद सचिन पायलट के और करीबी कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने आरोप लगाया कि गहलोत राज में उनको उपेक्षित किया जा रहा है. उन्होंने सीएम गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि वो कहते हैं कि, कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए हमने कुछ नहीं किया. प्रकाश सोलंकी ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा, अगर उनकी जनता के काम नहीं हुए तो वह भी इस्तीफा देने में एक मिनट की देरी भी नहीं लगाएंगे. वेद प्रकाश सोलंकी ने कुमार विश्वास की पत्नी की राजस्थान लोक सेवा आयोग में नियुक्ति पर सवाल उठाया की जिसने राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा उसकी पत्नी को राजनैतिक नियुक्ति क्यों. सोलंकी ने कहा सत्ता कुछ लोगों तक केंद्रीकृत हो गई इसका विकेंद्रीकरण कर मंत्रिमंडल का विस्तार करें सीएम गहलोत. सोलंकी ने आगे कहा गहलोत कोविड का बहाना कर नहीं बच सकते कोविड में भी वे चहेतो को नियुक्तियां देकर उपकृम कर रहे हैं. सोलंकी ने कांग्रेस हाईकमान से वरिष्ट विधायक हेमाराम चौधरी के इस्तीफे की वजह पर विचार करने और हेमाराम के दर्द को सुनना चाहिए. बता दें कि पायलट खेमे के विधायक हेमाराम चौधरी ने इस्तीफा दे दिया है.

कांग्रेस विधायक वेद सोंलकी ने कहा कि हेमाराम ने पार्टी के हित में काम किया है. वो जमीन से जुड़े नेता हैं समाज और क्षेत्र के विकास के लिए क्या काम किया है उनके मुद्दों को गंभीरता से सुना जाए. हेमराम का इस्तीफा देना बहुत ही दुःखद है. सोलंकी ने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री को कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है. सोलंकी ने कहा कि आज मेरे कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूट रहा है. अधिकारी विधायकों की नहीं सुनते हैं. बहुत विभाग बिना मंत्रियों के ही हैं जहां के अधिकारी हावी हो रहे हैं. सोलंकी ने आगे कहा कि राजनीतिक नियुक्तियों की विभागों में अभी जरूरत है और हेमाराम एक ईमानदार नेता हैं, लेकिन सीनियर नेता की भी सुनवाई नहीं हो रही है. आला कमान को हेमाराम को मनाने की जरूरत है आज उनका संयम टूट गया है इस मामले में कांग्रेस के आला कमान को समझने की जरूरत है. सोलंकी ने कहा कि कोरोना काल में जनता को बचाने का प्रयास उनके कार्यकर्ता और नेता कर रहे हैं. 3 दिन से चाकसू में जनता की बीच रहे सोलंकी ने कहा कि वहां पर चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है. कोरोना में जब रैली और नियुक्ति हो रही है. तो राजस्थान में क्यों नही हो रही. सोलंकी ने आगे कहा कि हेमाराम से वार्ता करने की जरूरत है वो पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं हेमाराम सीनियर लीडर है. अगर हेमा राम की सुनवाई नहीं हुई तो मेरे कार्यकर्ताओं की भी सुनवाई नहीं होगी इसलिए मैं भी इस्तीफा दे दूंगा.



## एक नजर...



### कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एस पी मनोज कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव निरीक्षण किया

बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर

**मेहगांव।** मेहगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एसपी मनोज कुमार सिंह ने आज शाम 5-30 बजे कलेक्टर साहब ने निरीक्षण कर साफ सफाई स्वास्थ्य केंद्र मैं रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए एनआरसी कोविड-19 सेंटर बनाने के लिए भी एसडीएम विजय राय चर्चा की और जिसमें दस बेड कोविड-19 मरीजों के लिए व्यवस्थित करने के आदेश दिए और कलेक्टर साहब ने डॉक्टर से चर्चा की कहां यहां पर आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो उसके लिए यहां पर कार्बेट सेंटर बनाया जा रहा है गांव से आने वाले मरीजों को यहां पर रखकर उनका इलाज किया जाऐ और इसमें ऑक्सीजन बेड की भी व्यवस्था रखी जाएगी कोई मरीज इधर-उधर भागने की जरूरत ना पड़े इसलिए व्यवस्थाएं यहां की जा रही हैं आप लोग इसका विशेष ध्यान रखें कलेक्टर साहब एसपी मनोज कुमार सिंह ने पूरे समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मैं घूम कर एक ही चीज को बारीकी से निरीक्षण किया उन्होंने यह भी कहा मरीज की हालत देखते हुए उसका उपचार किया जाए यहां भी ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की जाएगी जिससे कोविड-19 पेशेंट को कोई परेशानी ना हो उनके साथ में उपस्थित रहे सी एम एच ओ डॉ अजीत मिश्रा एसडीएम विजय कुमार राय तेहसीलदार आर एन खरे पटवारी उत्तम शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की शिकायत पर जिला औषधि प्रशासन की कार्यवाही

#### दवाईयों की एम.आर.पी. चैक करने के उपरांत ही करें भुगतान




**लहार( अर्पित गुप्ता )।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी द्वारा लिखे कलेक्टर को प्राप्त शिकायती आवेदन के आधार पर जिला औषधि प्रशासन अमला डॉ.आकांक्षा गरूड़ एवं निधि श्रीवास्तव, नापतौल निरीक्षक भिण्ड ने संयुक्त रूप से तहसील लहार कस्बा पर कार्यवाही की। दोनों महिला अधिकारियों ने प्राप्त शिकायत की पुष्टि करने के लिये एक व्यक्ति को दुकान पर भेजकर सेनेटाईजर के दाम पुछवाए जोकि लेबल पर अंकित एम.आर.पी. से अधिक पाये गये। उन्होंने आमजन से अपील करते हुये कहा कि किसी भी मेडीकल स्टोर पर दवाईयॉ खरीदते समय एम.आर.पी. चैक करने के उपरांत ही दवाओं का भुगतान करें। औषधि निरीक्षक द्वारा मैसर्स बालाजी मेडीकल एजेन्सी, कुशवाह मेडीकल स्टोर,राठौर मेडीकल स्टोर, शुभ सेल्स एण्ड मेडीकल एजेन्सी, अंकुर मेडीकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान औषधियों की गुणवत्ता को दृष्टिगत रखते हुये तीन औषधियों के नमूने जॉच हेतु लिए गये, जिन्हें ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी भोपाल भेजा जायेगा। लहार कस्बा क्षेत्र में निरीक्षण की भनक लगते ही मैसर्स शिवानी मेडीकल एजेन्सी एवं गोवर्धन मेडीकल स्टोर के संचालक दुकान बंद करके भाग गये तत्सम्बंध में उनसे भी इस सम्बंध में स्पष्टीकरण संतोष जनक जबाव न आने की दशा में इनके लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया हेतु नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। नापतौल निरीक्षक श्रीमती निधि श्रीवास्तव के द्वारा शुभ सेल्स एण्ड मेडीकल एजेन्सी एवं जनरल स्टोर पर मास्क की पैकिंग व सेनेटाइजर पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2000 की धारा 18 (1) के अनुरूप घोषणा न होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि कोरोना संक्रमण के संकटकालीन में स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरी सजगता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहा है। शिकायती आधार पर अमले द्वारा संयुक्त कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। जिससे हो रही लापरवाहियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### पत्रकार मोनू उपाध्याय बने प्रदेश प्रवक्ता

#### राजनैतिक दल, पत्रकारों व शुभचिंतको ने मोनू को दी बधाई



**लहार( अर्पित गुप्ता )।** राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मित्रेश चतुर्वेदी जी की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रेमचंद शर्मा की संस्तुति पर मध्यप्रदेश के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक दुबे द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले,हमेशा अपनी कलम से गरीबों को उनका हक़ दिलवाने वाले पत्रकार,समाज सेवी श्री शुभम उपाध्याय( मोनू )को युवा मोर्चा का मप्र के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।वहीं प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त होने के बाद पत्रकार मोनू उपाध्याय ने संगठन को भरोसा जताते हुए कहा कि वह सदैव ब्राह्मण समाज को एकजुट करके संगठन से जोड़ने का काम करेंगे और ब्राह्मण उत्पीड़न के खिलाफ संगठन की मुहिम को गतिशीलता प्रदान करेंगे और संगठन का विस्तार भी करेंगे।यहां बताना मुनासिब होगा कि पत्रकार मोनू उपाध्याय मूलतः भिण्ड जिले के लहार के निवासी हैं।साथ ही वह पत्रकारिता के क्षेत्र में कई पदो पर कार्यरत हैं और हमेशा समाजहित के मुद्दों को उठाते आये हैं। मोनू उपाध्याय के प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद उन्हें राजनैतिक दल के कई नेताओं,समाजसेवी व पत्रकारो व उनके मित्र बन्धुओ ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पुलिस बदमाशों की मुठभेड़ कार लूटकर भागे दो बदमाश घायल

बृजपाल सिंह गुर्जर रिपोर्टर

**मेहगांव।** भिडं ग्वालियर हाइवे 92 पर बरहद के पास हुई फायरिंग दस दस हजार रुपये के इनामी दो बदमाश पुलिस और बदमाशों के बीच हुई फायरिंग में घायल, मेहगांव उप स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रथमिक उपचार के बाद ग्वालियर भेजा, मेहगांव थाना प्रभारी डीबीएस तोमर ने प्रेसनोट जारी कर प्रेस को बताया कि कंट्रोल रुम से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि सोमवार 11 बजे, एक्सयूवी एमपी 07 सीएफ 4411 सफेद रंग की गाड़ी लूटकर बदमाश ग्वालियर से भिडं की ओर भागे हे तथा ग्वालियर पुलिस उनका पीछा कर रही है,तत्काल घेराबंदी करते हुऐ मय फोर्स के साथ बरहद तिराहे पहुचा तो ग्वालियर की ओर से एक्सयूवी गाडी आती दिखी उसके पीछे ग्वालियर फोर्स की गाडियां लगी थी। आगे पीछे पुलिस की गाडियों को लगी देख पीछे लगी गाडियों पर बदमाशों ने फायर शुरू कर दिये ग्वालियर पुलिस ने रक्षार्थ एक्सयूवी गाडी के टायर मे गोली मारी टायर पंचर होते ही गाडी का संतुलन बिगड गया बदमाशों ने गाडी से उतर कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। ग्वालियर पुलिस टीम का नेत्रत्व कर रहे सीएसपी रबिसिह भदौरिया महाराज पुरा व्दारा बदमाशों को आत्मसमर्पण करने को कहा गया पर वह नही माने




दोनो ओर से हुई फायरिंग के बीच बदमाशों के चिल्लाने की आबाज आई पुलिस ने आगे बढकर देखा तो दौनो बदमाशों के पैर गोली लगने से घायल हो गये थे। आरोपीगणों के कब्जे से 02 पिस्टल 32 बोर तथा दो जिंदा राउंड 06 खाली खौखे 32 बोर बरामद किये गये। आरोपियों व्दारा डबरा से लूटी हुई कार एक्सयूवी बरामद की गई। घायल आरोपियों को मेहगांव उप स्वास्थ्य केन्द मे प्राथमिक उपचार के लिये भेजा गया उसके बाद ग्वालियर रैफर किया। मेहगांव थाना मे अपराध क्र0 200/21धारा 307,34 11,13 एमपीडीपी एक्ट 25,27 आर्मस एक्ट कायम कर बिबेचना मे लिया गया। आरोपीगणो व्दारा 30/03/21 को संदीप जाटव पुत्र भ्रमजीत जाटव उम्र 20 साल निवासी अशोक कॉलोनी ठाठीपुर मुरार की हत्या कर फरार हो गये उपरोक्त अपराध को गंभीरता से लेते हुऐ आरोपीगणो के बिरुध दस दस हजार रुपये इनाम घोषित था। उपरोक्त आरोपीगणो ने 17/05/2021 को फरियादी ब्रजेश पुत्र अयोध्या प्रसाद तिबारी निवासी जगदंबा कालोनी डबरा की एक्सयूवी कार लूटकर भागे थे , उपरोक्त आरोपीगणो के बिरूध अपराध क्र0 426/21 धारा 294,397भादवि 11,13 एमपीडीपी एक्ट कायम कर बिबेचना मे लिए गया। गिरफ्तार शुदा आरोपीगणो से अन्य आरोपियो व हथियार व ब्रेजा गाडी से लूट को अंजाम दिया गया उसके संबध मे पुलिस जानकारी हासिल कर रही है।

## मुरैना के नए एसपी बने ललित शाक्यवार

पुष्पांजली टुडे

मुरैना से गौरव शर्मा की रिपोर्ट जिले के एसपी सुनील कुमार पाण्डे का ट्रांसफर भोपाल पुलिस हेडक्वार्टर कर दिया गया है। उनकी जगह ललित शाक्यवार को नया एसपी बनाया गया है। राज्य शासन का यह आदेश आज, आ चुका है। जिले में जहरीली शराब से 24 लोगों की मौत के बाद राज्य शासन ने उन्हें पांच माह पहले ही 21 जनवरी को मुरैना पदस्थ किया था। शराब माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करने। बीच में गुर्जर व क्षत्रिय समाज के उपद्रव के दौरान गुर्जर समाज के 19 लोगों पर नामदर्ज एफआईआर करना। यह दोनों वजहें एसपी सुनील कुमार पाण्डे के ट्रांसफर की मुख्य बताई जा रही है। 21 जनवरी 2021 को सुनील कुमार पाण्डे को मुरैना एसपी बनाया गया था। इसके पीछे मुख्य कारण जिले के खेरा व मानपुर गांव में जहरीली शराब से 24 लोगों की मौत होना था। इन मौतों के पीछे राज्य शासन ने जिला प्रशासन को लापरवाही का दोषी माना था। शासन ने उसी वक्त तत्कालीन एसपी अनुराग सुजानियां तथा तत्कालीन कलेक्टर अनुराग वर्मा का स्थानान्तरण कर दिया था। नए एसपी सुनील कुमार पाण्डे के ट्रांसफर के पीछे राज्य शासन को उद्देश्य जिले के शराब माफियाओं पर लगाम लगाना था। सुनील कुमार पाण्डे राज्य शासन की इस मंशा में पूरी तरह खरे उतरे। उन्होंने शराब माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए नकेल कस दी। यह नकेल जिले के राजनैतिक आकाओं के गले नहीं उतरी और उन्हें अपना धंधा खतरे में नजर आने लगा विधायक तक की नहीं मानी बात लगभग एक माह पूर्व चिन्नौनी थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी थी। शराब के साथ शराब ले जाने वाले व्यक्ति केवट रावत को भी पुलिस ने पकड़ा था। केवट रावत की जब मोबाइल डिटेल पुलिस ने खंगाली तो उसमें जिले के एक विधायक के भीतीजे का भी नाम था। उसके खिलाफ एसपी सुनील कुमार पाण्डे ने मामला दर्ज कर लिया था। बताया जाता है कि इस बात को लेकर विधायक ने एसपी को फोन करके मामला दर्ज न करने को कहा था। सुनील कुमार पाण्डे नहीं माने और उन्होंने अपना फर्ज निभाते हुए मामला दर्ज कर लिया था। बताया जाता है कि उसी बात से विधायक चिढ़ गए तथा उन्होंने केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिख कर एसपी

**राजनीति से ओतप्रोत बताया जा रहा एसपी का ट्रांसफर**

पाण्डे के ट्रांसफर की सिफारिश कर डाली थी। इसके बाद 8 मई को मुरैना में गुर्जर समाज के लोगों ने सामूहिक रुप से सरेआम फायरिंग की थी। इस फायरिंग के बाद एसपी सुनील कुमार पाण्डे ने गुर्जर समाज के 19 लोगों के खिलाफ नामदर्ज एफआईआर की थी साथ ही 24 अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। इस पर गुर्जर समाज के लोग भी नाराज थे। बताया जाता है कि जिले के गुर्जर समाज के आका भी इस बात से चिढ़े हुए थे, कि उनके समाज के लोगों पर कार्यवाही क्यों की गई। लिहाजा, उसी समय एसपी सुनील कुमार पाण्डे के ट्रांसफर की अफवाह भी उड़ाई गई थी। लोगों का मानना है कि राज्य शासन ने उस समय,शायद इसलिए उनका ट्रांसफर नहीं किया कि मामला तूल पकड़ जाएगा। फिलहाल यह दोनों ही वजहें मुख्य रुप से एसपी सुनील कुमार पाण्डे के ट्रांसफर के पीछे बताई जा रही है।

**कहते हैं कांग्रेसी जनप्रतिनिधि**-अवैध शराब रोकने पर हुई है एसपी के ट्रांसफर की कार्यवाही-पंकज उपाध्याय

वैसे तो ट्रांसफर की प्रक्रिया एक सामान्य प्रक्रिया है जिसमें अधिकारियों का एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरण होता ही रहता है परंतु जिस तरीके से मुरैना पुलिस कप्तान सुनील कुमार पांडे का ट्रांसफर मुरैना से भोपाल हुआ है वह निश्चित रूप से दबाव की राजनीति कारण हुआ है पिछले दिनों नकली शराब कांड में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी आनन-फानन में शासन द्वारा कलेक्टर एसपी का ट्रांसफर कर दिया गया माना जा रहा था सुनील कुमार पांडे को नकली शराब रोकने के लिए अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए लाया गया परंतु नकली शराब कांड के बाद जैसे ही मामला ठंडा पड़ा शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हो गए एसपी पांडे ने निरंतर कार्रवाई कर ऐसे लोगों को रोकने का प्रयास किया और कई कार्यवाही की परंतु बीजेपी के द्वारा पोषित शराब माफिया को रोकने में असफल रहे एक ऐसे ही मामले में विधायक के भतीजे एवं परिजनों के द्वारा अवैध शराब बिक्री का मामला सामने आया जिस पर जौरा विधायक द्वारा निरंतर एसपी पर दबाव बनाया जा रहा था उसी के परिणीति आज ट्रांसफर के रूप में देखने के लिए मिली है यह निश्चित रूप से शराब माफिया अवैध कारोबारियों के संरक्षण के लिए सरकार है हमारा आरोप है कांग्रेस पार्टी का आरोप है बीजेपी सरकार शराब माफियाओं से मिली हुई है और हम आशा करते हैं नए पुलिस कप्तान शराब माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने का प्रयास करेंगे पंकज उपाध्याय प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा जौरा।



## ग्रामीणों की जान बचाना ही हमारा उद्देश्य : सीरवी

#### भामाशाहो द्वरा अस्तपताल में आये नए उपकरण

कस्बे में भावी कोविड हेल्पलाइन के प्रयासों से ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर दान दिया जिसको लेकर आज आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 आक्सीजन कनेटटर 2 आक्सीजन सिलेण्डर, 25 आक्सिमिटर,35 भाप वाली मशीन खरीदकर अस्तपताल को सुपुर्द की पर भावी सरपंच सुराराम सीरवी ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान भावी कस्बे में 1 महीने में 40 लोग अपनी जान गवा चुके है तथा 50 से ज्यादा कोरोना सक्रमण का शिकार हुए जिसको लेकर कस्बे में ग्रामीणों द्वरा भावी कोविड हेल्पलाइन नाम का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर सहायता राशि जुटाने के लिए क्रमबद्ध हुए मात्र 10 दिनों 3 लाख रुपये एकत्रित कर स्वास्थ्य सम्बंधित उपकरण खरीदकर ब्लाक ष्द्धद्धश डॉ जितेंद्र सिंह चारण भावी चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष आचार्य को सोपी गई ।समाजसेवी अशोक कुबावत प्रवीण सोनी ने बताया कि हमारे टीम के प्रयास से यदि इन उपकरणों से एक भी मरीज की जान बच जाए तो हमारा ये प्रयास सफल हो जाएगा इस मौके पर सरपंच सुराराम सीरवी,ब्लाक डॉ जितेंद्र सिंह चारण, भावी चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष आचार्य भामाशाह घनश्याम बर्फा, शिवराम जी जाट, अशोक कुबावत,प्रवीण सोनी. नरेंद्र सोनी, गोविन्द सीरवी, जितेंद्र जैन, राकेश जैन, ओमप्रकाश सहित कई जने मोके ओर मौजूद थे ।




### सीरवी परिवार ने मुख्यमंत्री कोच में 51 हजार रुपये की राशि सुपुर्द की

**चैन्नई।** तामीलनाडु मुख्यमंत्री राहत रात कोश मे देने के लिए प्रकाश तंगेमालगई केल्मबाक्म के मालिक ओ पुखराज लेरचा सीरवी अपने परिवार कि तरफ सु 51000/ रुपीये का चैंक तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया इस कार्यक्रम मे तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव एम रमेश कुमार सैन पेरीयपालीयम भागीरतजी जाट चौधरी ओ पुखराज लेरचा कि धर्म पत्नी मती कमलाबाई प्रतीषा जसवंत मोजुद थे।

### पत्रकार राजाभैया पाल के पिता को श्रद्धांजलि देने पहुँचे भाजपा नेता



दबोह( अर्पित गुप्ता )। दबोह निवासी पत्रकार राजाभैया पाल के पिता स्व.भूरेलाल पाल जी का भिण्ड में इलाज के दौरान 72 बर्ष की उम्र में दुःखद निधन हो गया था जिसके उपरांत बुधबार को लहार हबेली दतिया से भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्तोष तिवारी लश्करी महंत पत्रकार राजाभैया पाल के निवास पर पहुँचे।जहां उन्होने परिबार जनों के बीच बैठकर श्रद्धांजलि देकर शोक ब्यक्त किया।

## पहाड़गढ़ कन्हार धौधा में की निःशुल्क दवाई वितरण की

गौरव शर्मा की रिपोर्ट

**मुरैना।** पंकज उपाध्याय द्वारा जारी निशुल्क दवा वितरण अभियान के तहत जौरा के पहाड़गढ ब्लॉक एवं सुदूर आदिवासी क्षेत्र ग्राम धौंधा एवं कन्हार में भी कोविड-19 कोरोना से संक्रमित या होमआइसोलेट मरीजों के लिए निशुल्क दवा वितरण की शुरुआत की गई है जैसा की विदित है जौरा विधानसभा का पहाड़गढ़ क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र है क्षेत्र में आवागमन की समुचित व्यवस्था एवं मेडिकल सुविधा ना होने कारण ग्रामीण एवं आदिवासी अत्यंत परेशानी की हालत में रह रहे हैं इसी पीड़ा को देखते हुए पहाड़गढ में शुक्ला मेडिकल एवं डॉ उपाध्याय के क्लीनिक पर निशुल्क दवा वितरण होगी ऐसे ही ग्राम कन्हार में उपासना मेडिकल पर मनोज नामदेव द्वारा एवं जौरा विधानसभा के सुदूर ग्राम धौंधा में डॉक्टर डंडोतिया एवं डॉ उपाध्याय के यहां निशुल्क दवा मिल सकेगी कार्यक्रम में लखन तिवारी रामभरोसी पलिया धर्मेंद्र पांडे महेश दुबे नरहरी शर्मा बृजेश करसोरिया गौरव शर्मा वाहिद खान छोटू बैग असलम शेख ओमी दुबे नंदकिशोर उपाध्याय राजकुमार धाकड़ बनवारी लाल जाटव के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे उपाध्याय ने बताया कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में निशुल्क दवा वितरण अभियान के तहत जोरा में दो एवं कैलारस में 2 केंद्रों के साथ संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 निशुल्क दवा वितरण केंद्र स्थापित कर आ चुके हैं जिसमे कोविड-19 कोरोना से संक्रमित या पीड़ित व्यक्तियों को मोबाइल के द्वारा या मैसेज पर ही घर पहुंच सेवा भी दी जा रही है आगे ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग पांच और केंद्र खोलने की योजना है।




## आईपीएस बनना कठिन है पर सुनील कुमार पाण्डेय बनना असम्भव...

केशब पंडित जी अम्बाह...

**मुरैना।** अंततः मुरैना एसपी सुनील कुमार पाण्डेय राजनीति का शिकार हो ही गए। 5 महीने पहले सरकार ने आईपीसी पाण्डेय को अवैध शराब व रेत माफियाओं पर नकेल कसने भेजा, जब पूरी सरकार के मुंह पर जहरीली शराब कांड की कालिख पुत रही थी। एसपी पांडेय ने इन माफिया की नसबंदी बखूबी की। मुरैना शहर को बपौती समझकर रेत की मंडिया लगाने वाले रेत माफियाओं से लेकर नकली शराब के अवैध कारखाने चलाने वाले माफिया गधे के सिर से सींग की तरह विलुप्त हो गए। क्या विधायक, क्या पूर्व मंत्री... सभी को उनके दायरे व कानून का कद बताए रखा। लेकिन, भाजपा सरकार के 'किंग मेकर' ने खुद को 'किंग' साबित करने के लिए एक ऐसे अफसर को बदलवा दिया, जिसकी मुरैना को कुछ और समय जरूरत थी। एसपी पाण्डेय को अब नहीं तो 6-8 महीने बाद जाना ही था, पर ÷आईपीएस सुनील कुमार पाण्डेय÷ कोई यूं ही नहीं हो जाता। मुरैना में खुलेआम गोलीबारी करने वालों में एक पूर्व पार्षद आरोपी था, इसे बचाने के लिए एक पूर्व विधायक ने एसपी पर दवाब बनवाया, पर एसपी ने नहीं सुनी। इसके बाद अपने मुखिया से दिल्ली से कॉल करवाया। कहते हैं दिल्ली के इस फोन नंबर से कही जाने वाली बात को मुख्यमंत्री भी टाल नहीं सकते, लेकिन सुनील कुमार पाण्डेय ने दो टूक कह दिया कि, वो अपराधी है और जेल जाएगा। बस किंग को यह बात अच्छी नहीं लगी और शहर के कप्तान को बदलवा दिया। यह पहली दफा नहीं है... मुरैना के कुछ पूर्व मंत्री, कई विधायक मुख्यमंत्री के सामने विलाप कर चुके हैं, कि मुरैना एसपी उनकी कोई भी 19-20 बात नहीं सुनते। हर बात में कानून पढ़ते हैं। मंत्री-विधायकों की पीड़ा देख पिछले महीने हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुंख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरे प्रदेश के अफसरों की ऑनलाइन बैठक में कहा था, कि मुरैना एसपी थोड़ा जनप्रतिनिधियों की भी बातें मान लिया करें। आईपीएस पाण्डेय की खूबी यही है कि वह किसी नेता, विधायक, मंत्री की गैर नियम की बातें मानते नहीं। जनता के लिए सहज-सरल उपलब्धता भी उनकी खूबियों में से एक है। जब यह श्योपुर एसपी थे तब एक शादी समारोह में 9 साल की बच्ची ने बताया कि उसके गांव में स्मैक-गांजा खूब बिकता है, कई लोग इस कारण मर गए, कई पागल हो गए। एसपी पाण्डेय ने इस मासूम फरियादी की बात को इतनी संदीदगी से लिया, कि जब तक वो श्योपुर में रहे स्मैक-गांजा तस्कर या तो जेल में थे, या फिर तड़ीपार। ...**यूं ही नहीं बन जाता कोई 'सुनील कुमार पाण्डेय'।**





# गांव के हर व्यक्ति पर नजर रखेगी निगरानी समिति जलेसर तहसीलदार

## कोरोना संक्रमण को लेकर सक्रिय रहें निगरानी समिति

**एटा।** जलेसर तहसीलदार राकेश कुमार त्यागी ने जलेसर ब्लॉक के गांव नगला घनश्याम एवं नगला गोपाल मजरा बलेसरा है मैं निगरानी समिति की बैठक की। आपको बता दें कि गांव गांव में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देख अब प्रशासन का फोकस गांव पर टिक गया है। प्रशासनिक अफसरों ने अब गांव की ओर दौड़ लगानी शुरू कर दी है। अफसरों ने यहां पर सफाई से लेकर सेनेटाइजेशन तक के कार्य का जायजा लेना शुरू किया है,वहीं दूसरी ओर निगरानी समितियों को और ज्यादा एक्टिव करने के आदेश देने शुरू कर दिए हैं। ज्यादातर गांवों में कोरोना ने अपने पैर पसार लिए हैं। जिसको लेकर शासन से लेकर प्रशासन तक का फोकस अब गांव पर हो गया है। एटा जिलाधिकारी के आदेश के बाद बुधवार को जलेसर तहसीलदार राकेश कुमार ने जलेसर ब्लॉक के ग्राम नगला घनश्याम एवं नगला गोपाल मजरा बलेसरा में पहुंच कर निगरानी समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराने के साथ-साथ साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन की स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की। जलेसर तहसीलदार राकेश कुमार त्यागी ने कहा कि गांव में संक्रमण को प्रभावी तरीके से रोकना बेहद जरूरी है इसके लिए निगरानी समिति को बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोविड कर्फ्यू का सख्ती के साथ अनुपालन बेहद जरूरी है। ग्रामीण कोरोनावायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सभी जरूरी सावधानियां बरतें। निगरानी समिति के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान जलेसर तहसीलदार राकेश कुमार त्यागी ने कहा कि गांव में लोग अनावश्यक रूप से अपने घरों से बाहर बिल्कुल न निकले, मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा यदि किसी व्यक्ति में कोविड-19 के लक्षण सामने आते हैं तो निगरानी समितियों का यह दायित्व है कि वे जलेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ पवन शर्मा को उसकी जानकारी दें । एवं ऐसे लोगों को मेडिसिन किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव मुजिम्मिल खां, क्षेत्रीय लेखपाल अतरसिंह , ग्राम प्रधान, एवं आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी मौजूद रही।

# राघवेंद्र खेमरिया बने प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी

**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मित्रेश चतुर्वेदी जी की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रेमचंद

## शुभचिंतको ने राघवेंद्र को दी बधाई

शर्मा की संस्तुति पर मध्यप्रदेश के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक दुबे द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाले समर्पित समाज सेवी श्री राघवेंद्र खैमरिया को युवा मोर्चा का प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।वहीं शोसल मीडिया प्रभारी नियुक्त होने के बाद राघवेंद्र खेमरिया ने संगठन को भरोसा जताते हुए कहा कि वह सदैव ब्राह्मण समाज को



एकजुट करके संगठन से जोड़ने का काम करेंगे और ब्राह्मण उत्पीड़न के खिलाफ संगठन की मुहिम को गतिशीलता प्रदान करेंगे।यहां बताना मुनासिब होगा कि पण्डित राघवेंद्र खेमरिया मूलतः भिण्ड जिले के दबोह नगर के निवासी हैं और वह सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल डॉक्टर हनुमान की उपाधि से पहचाने जाने वाले दंदरौआ सरकार महंत रामदास महाराज जी के सानिध्य में वहीं अपनी सेवाएं देते हैं।राघवेंद्र के प्रदेश शोसल मीडिया प्रभारी बनने के बाद दंदरौआ सरकार महंत रामदास जी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया और सदैव आगे बढ़ने की कामना की तो वहीं उनके परिवारजनों,शुभचिंतको व उनके मित्र बन्धुओ ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# बांकुड़ा जिला पुलिस का मानवीय चेहरा

**अमन राय ब्यूरो**

**पश्चिम बंगाल /** पूरे देश में कोरोना कहर बरपा रहा है. पश्चिम बंगाल भी इससे अछूता नहीं है. इस स्थिति में आम लोगों की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है एक तरफ कामकाज की चिंता दूसरी तरफ स्वास्थ्य को लेकर लोगों में चिंताएं बढ़ रही है.हालांकि राज्य सरकार पूरी प्रयास कर रही है कि आम जनमानस को किसी तरह की परेशानी ना हो. जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं चौकन्ना है. पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा 15 दिनों का लॉकडाउन किया गया है. पुलिस प्रशासन का यह प्रयास है सरकारी दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन करवाना. बांकुड़ा जिले के नए एसपी श्याम सिंह ने पदभार संभालने के बाद से ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में लॉकडाउन का पूरी तरह पालन हो इसके लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ इस बात पर नजर रखी जा रही है की कोई भी



अप्रिय घटना ना हो. जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में असहाय लोगों की मदद भी की जा रही है पुलिस द्वारा. मेजिया थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में असहाय गरीब लोगों को मास्क एवं सैनिटाइजर के अलावा खाने की चीजों को मुहैया कराया गया. थाना प्रभारी राजीव कुमार पाल के नेतृत्व में असहाय लोगों के बीच खाने पीने की चीजें दी गई. पुलिस का यह मानवीय चेहरा देख क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है।




# पुलिस टीम पर हमला करने वाले 12 अभियुक्त गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

**एटा ।** थाना जैथरा अन्तर्गत 18 मई को दो पक्षों में आपस में झगडा हो गया था जिसमें फायरिंग की सूचना मिली थी दोनों पक्षों का थाने पर मुकदमें पंजीकृत किये गये थे झगडे की सूचना पर पीआरवी 2764 व थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो उक्त दोनों पक्ष पुलिस टीम पर हमलावर हो गये एवं पुलिस पार्टी पर ईट पत्थर फेंकने लगे ईंट पत्थर फैंकने से पीआरवी 2764 के शीशे क्षतिग्रस्त हो गये। जिसमें पुलिस द्वारा करीव 20-25 अभियुक्तों अनूप पुत्र राकेश निवासी नगला टोडी जैथरा अवनीश पुत्र जुगेन्द्र निवासी नगला डांडा जैथरा राजवेश पुत्र रामदास निवासी नगला डांडा जैथरा कल्याण सिहं पुत्र सुखराम निवासी नगला डांडा जैथरा विपिन पुत्र अरवेश निवासी नगला डांडा जैथरा सतीश पुत्र गंगा सिहं निवासी नगला डांडा जैथरा रामलडैते पुत्र हुलासी निवासी नगला डांडा जैथरा शैलेश पुत्र जुगेन्द्र सिहं निवासी नगला डांडा जैथरा बृजेश पुत्र राधेश्याम निवासी नगला डांडा जैथरा पुष्पेन्द्र पुत्र राकेश निवासी नगला डांडा जैथरा जुगेन्द्र पुत्र झब्बू निवासी नगला टोडी जैथरा साधू पुत्र अतर सिंह निवासी नगला डांडा जैथरा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया एवं दबिश देकर उनमें से 12 हमलावरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

# नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ की घटना में वांछित चल रहा अभियुक्त नन्हे गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

**एटा ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट की घटना में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त नन्हें को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। पीड़ित द्वारा थाना अलीगंज पर लिखित सूचना दी गई कि 22 दिसम्बर को रात्रि के समय वादी के ही गाँव के नन्हें पुत्र कुँवरपाल निवासी ग्राम अगौनापुर थाना अलीगंज जनपद ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी की एवं पुत्री के चिल्लाने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी है। इस सूचना पर थाना अलीगंज पर पोक्सो एक्ट बनाम नन्हे पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना के फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज को निर्देशित किया गया 19 मई को थाना अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर



मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे नामजद अभियुक्त नन्हे पुत्र कुँवरपाल निवासी अगौनापुर थाना अलीगंज को डाक बंगला तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## विकलांग बल मे सौरभ प्रदेश सचिव मनोनीत

**नीरज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**

**भिण्ड।** विकलांग बल मप्र के प्रदेश सलाहकार जसवंत राठौर की सलाह से प्रदेश का विस्तार करते हुऐ प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह की अनुशंसा पर भिण्ड जिले में विकलांग बल को मजबूती प्रदान करने बाले एवं भिण्ड मै सक्रिय भूमिका निभाने बाले विकलांग बल भिण्ड के जिलाध्यक्ष शिवराज उर्फ़ सौरभ बघेल को 17 मई 2021 को पदोन्नति करते हुऐ मध्यप्रदेश मै प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है 7 सौरभ बघेल को प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर उन्होंने प्रदेश सलाहकार जसवंत राठौर व प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह का आभार प्रकट करते हुऐ कहा है कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उस पर मै सदैव खरा उतरते हुऐ मप्र के विकलांग भाई बहिनों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार को रोकने तथा उनके अधिकारों को दिलाने को दिलाने मै सदैव विकलांगबल के नेतृत्व मै कदम से कदम मिलाकर कार्य करूँगा, और विकलांग हित की लड़ाई पूरे प्रदेश मै जारी रखूँगा ताकि हमारे प्रदेश के सभी जिलों के 52 जिलाध्यक्ष को हो रही हर समस्या का निदान करने का हर प्रयास करूँगा.



# वेम्बाक्कम तालुक व्यापारियों ने एक लाख रुपये मुख्यमंत्री कोच में सुपुर्द किये

**नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई।** तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन वेम्बाक्कम तालुक कि तरफ सु तामीलनाडु मुख्यमंत्री राहत कोश मे देने के लिए तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अकाउंट में एक लाख रुपये भेजे गए इस कार्यक्रम में माधुराम नारायण लाल इन्दाराम पुनाराम प्रेमराज बाबुलाल पारसमल लुम्बाराम खेताराम लखाराम गंगाराम हेमाराम थानाराम मोजुद थे।

# फोन कॉल पर दिव्यांगों को मिलेगी वैक्सीनेशन, चिकित्सा आदि सुविधाएँ

**भिण्ड।** दिव्यांगजनों की जीवन-रक्षा के साथ नित्योपयोगी जरूरतों को पूरा करने के लिये आज प्रदेश में सक्षम कोविड एक्शन नेटवर्क ÷स्केन÷ का शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण श्री प्रतीक हजेला ने कहा कि विभाग सक्षम संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किये गये नेटवर्क के साथ मध्यप्रदेश समन्वय स्थापित कर दिव्यांगों और उनके परिवार को वैक्सीनेशन, वैक्सीनेशन से संबंधी परामर्श, टेलिमेडिसिन, राशन आदि की सुविधा उपलब्ध करायेगा। श्री हजेला ने आशा व्यक्त की कि ÷स्केन नेटवर्क÷ की मदद से सभी वृद्धजनों और दिव्यांगों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कोविड मरीजों को बेड, ऑक्सीजन, उपचार आदि सुविधाएँ उपलब्ध कराने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश में हाल ही में पब्लिक-डॉक्टर टेलिमेडिसिन एप लाँच कर एलोपैथी, आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सकों की सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं। दिव्यांगजन एवं परिवार फोन नम्बर-0120-690-4999 पर कॉल कर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

**दिव्यांगों की जीवन-रक्षा और नित्योपयोगी जरूरतें पूरी करने नेटवर्क 'स्केन' का लोकार्पण, दिव्यांग 0120-690-4999 पर करें फोन कॉल**

आयुक्त निश्शक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक ने बताया कि दिव्यांगों के लिये जिला और नगरीय निकाय स्तर पर शासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। सक्षम संस्था के साथ संयुक्त टीमें बनाकर दिव्यांगों और उनके परिवारों की सहायता की जायेगी। संस्था द्वारा नियुक्त वॉलेंटियर्स दिव्यांगजन का पंजीयन कर फार्म भरने में सहायता करेंगे। दूरस्थ अंचलों के दिव्यांगों के कोविड वैक्सीनेशन, वाहन न होने की स्थिति में वैक्सीनेशन स्थल तक लाने-ले जाने के लिये वाहन, एम्बुलेंस व्यवस्था, राशन और नित्य उपयोग में आने वाली वस्तुओं को भी उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अंतिम संस्कार में भी सहायता की जायेगी। हेल्पलाइन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

सूरदास जयंती पर वर्चुअली आयोजित स्केन लोकर्पण कार्यक्रम में सक्षम के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी श्री राजकुमार मटाले, डॉ. सुकुमार, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. सुरेन्द्र, श्रीमती स्वाति धारे, डॉ. आशीष गुप्ता, श्री पीयूष जैन आदि ने भाग लिया।

SOMYA GROUP
सोम्या प्रोपर्टीज

ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनो का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें।
सैना के जवानो के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण उपहार व 10% की छूट
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर भिण्ड रोड, मुरैना झाँसी रोड, ग्वालियर मुरैना, बडा गाँव खुरैरी रोड, एयरपोर्ट शनिचरा रोड
सम्पर्क करें
9713253992
www.somyaproperty.com
ऑफिस- शोप न. 03/04 तोमर मार्केट, गायत्री वाली गली, पिंटो पार्क

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## संपादकीय

# हालात से सीख

दिल्ली में संक्रमितों की संख्या में कमी राहत की बात है। पिछले डेढ़ महीने में दिल्ली को जिस तरह के विकट हालात का सामना करना पड़ा है, उसने सबको दहला दिया। संक्रमितों और मौतों के रोजाना बढ़ते आंकड़े बता रहे थे कि महामारी से निपटने में केंद्र और दिल्ली सरकार लाचार हैं। दस अप्रैल को दिल्ली में संक्रमण के सात हजार नौ सौ मामले आए थे, जो अगले दस दिन में यानी बीस अप्रैल को अट्ठाईस हजार तीन सौ पनचानवे तक जा पहुंचे। यह दिल्ली में एक दिन में सबसे ज्यादा संक्रमितों का रिकार्ड था। इसके बाद ही दिल्ली सरकार ने पूर्णबंदी लगाई, ताकि संक्रमण की शृंखला तोड़ी जा सके। अब पंद्रह मई को संक्रमितों का रोजाना का आंकड़ा छह हजार चार सौ तीस दर्ज किया गया। संक्रमण दर 32.82 फीसद से घट कर 11.32 फीसद पर आ गई। हालांकि पहले के मुकाबले जांच में काफी कमी भी आई है। महामारी का जोखिम कम नहीं हुआ है।

बस तसल्ली की बात सिर्फ इतनी है कि जिस खतरनाक तेजी से संक्रमण दर बढ़ रही थी, उस तेजी की रफ्तार में कमी आई है। संक्रमितों के ठीक होने की दर लगभग तिरानवे फीसद है। जाहिर है, अगर सावधानी बरती और महामारी से बचाव कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ी तो जल्द ही इससे छुटकारा मिलने के आसार बनने लगेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं कि अचानक मरीजों की तादाद बढ़ने से दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा लड़खड़ाना ही था। सरकार को इस बात का अंदाजा ही नहीं रहा कि राजधानी इस तरह से भी संक्रमण की चपेट में आ सकती है। हालांकि विशेषज्ञ लंबे समय से चेताते आ रहे हैं कि महामारी की दूसरी, तीसरी लहरें आएंगी और कहीं ज्यादा कहर बरपाएंगी। लेकिन दिल्ली ही नहीं, केंद्र और सभी राज्यों ने इन चेतावनियों की अनदेखी की। इसी का नतीजा था कि दूसरी लहर से निपटने की कहीं कोई तैयारी नहीं हुई। इसकी कीमत बड़ी संख्या में लोगों की जान के रूप में चुकानी पड़ी। पंद्रह दिन तक दिल्ली के ज्यादातर अस्पताल आक्सीजन की कमी से जूझते रहे और मरीज दम तोड़ते रहे। अस्पतालों में बिस्तरों और दवाइयों तक का अकाल पड़ गया।

हालात बदतर होते देख सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा। दिल्ली के अस्पतालों को आक्सीजन उपलब्ध कराने को लेकर केंद्र सरकार का जो रवैया सामने आया, वह भी कम शर्मनाक नहीं था। यह तो बड़ी अदालतों का धन्यवाद कि उनकी सख्ती से दिल्ली को पर्याप्त आक्सीजन तो मिलने लगी! दिल्ली ने दहला देने वाला जो मंजर देखा है, उससे अब सबक लेने की जरूरत है। दूसरी लहर का संकट बरकरार है। तीसरी या चौथी लहर की आशंका को जरा भी खारिज नहीं किया जा सकता। महामारी विशेषज्ञ बता रहे हैं कि तीसरी लहर बच्चों के लिए ज्यादा घातक होगी। जाहिर है, ऐसे में बच्चों को संक्रमण से बचाने और संक्रमित बच्चों को अस्पतालों में पर्याप्त इलाज मुहैया कराना बड़ी चुनौती होगी। हकीकत तो यह है कि गंभीर संक्रमितों के लिए अस्पतालों में आइसीयू बिस्तरों की समस्या अभी भी दूर नहीं हुई है। ऐसे में दिल्ली सरकार को अब अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्र लगाने और नए अस्पतालों की तैयारी जैसे काम तेज करने ही होंगे। इसके अलावा ऐसा भी कुछ करना होगा जिससे बाजारों में भीड़ न लगे और कारोबार भी चलते रहें। महामारी से निपटने में सरकारों का कुछ करना या ना करना अपनी जगह है, लेकिन नागरिकों की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि आखिरकार भुगतना तो उन्हीं को ही है!

# कहर पे कहर, ये कैसा पहर

**अजय कुमार प्रजापति**

फिलहाल तो ताउते चक्रवाती तूफान के कहर तथा इजरायल के द्वारा हमास पर ढाए जा रहे कहर की चर्चा पहले पायदान पर है।मगर इन सब के बीच भी कोरोना का कहर अपनी बढ़त बनाए हुए है।आज इसका विकेट गिरा तो कल उसका।आज यह टपका तो कल वह। टीवी और अखबारों में कोरोना कहर के आंकड़े सुन और पढ़कर हम जैसों की सांस अटक रही है। ऑक्सीजन लेबल कम हो रहा है। पता नहीं आँकड़े एकत्रित करने वालों और प्रसारित करने वालों की साँस फूलती या अटकती भी है या नहीं। सबसे बड़ी बात है,आज देश में इस कोरोना-कहर के कई %बाई प्रोडक्ट कहर% भी नंगा नाच मचाए हुए हैं। उसमें नंबर वन पर है पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस का कहर। मैंने सुना, पुलिस कहती फिर रही है, मार-मार कर पिछवाड़ा लाल कर दूँगा मगर किसी को कोरोना नहीं होने दूँगा। मैंने देखा भी पिछले पाँच दिनों से मेरे पड़ोसी मित्र अपने पिछवाड़े की सिकाई कर रहे हैं।दयावश कुछ लोगों को पुलिसवाले सिर्फ माँ-बहन करके भी छोड़ देते हैं,मगर उन्हें बिल्कुल नहीं छोड़ते जो पुलिस कार्रवाई को पुलिसिया-जुल्म समझकर विरोध करते हैं। ये उन्हें अपनी गाड़ी में इज्जत से बैठाते हैं और चल पड़ते हैं। बाद में पता चलता है,ये विरोधी सुताई सहित पाँच-पाँच हज़ार का जुर्माना भरकर घर वापस आये।काश कि उन्हें पहले पता होता, लोकतंत्र में सरकार के मुखिया का विरोध करना सुरक्षित है,मगर



सरकार की पुलिस का विरोध करना नहीं। एंबुलेंस वालों या शव-वाहन वालों के कहर का सामना भी किसी अंधे-कुएँ में डूबने से कम नहीं।जब परिजन बीमार पड़ते हैं,व्यक्ति मौत की घड़ियां गिन रहा होता है, तब ये उस आपदा को एक बड़े अवसर के रूप में ऐसे लपकते हैं जैसे भूखे भेड़िए। अस्पतालों का कहर आमजन पर ऐसा पड़ रहा है कि लोग किसी भी दामपर सोना ही नहीं अपने घर-मकान और फ्लैट तक बेचने को मजबूर हैं। छोटे-छोटे नर्सिंग होम वालों ने भी नोट गिनने की मशीन खरीद ली है। अस्पतालों में बेड और वेंटिलेटर की बोली ऐसे लग रही है, मानों आईपीएल वाले क्रिकेटरों की बोली लगा रहे हों।कोई एमएलए एमपी, मंत्री-संत्री की पैरवी काम नहीं आ रही। कालाबाजारियों और जमाखोरों के कहर के नाम पर हम ,चावल,दाल,प्याज,तेल इत्यादि के व्यापारियों की चर्चा सुनते रहे थे।इस कोरोना-काल के जमाखोरों और कालाबाजारियों की लिस्ट में नेता, मंत्री, डॉक्टर,नर्स जैसे लोग शामिल हो गए हैं, और ये ऑक्सीजन सिलेंडर,दवा, इंजेक्शन,ऑक्सीमीटर इत्यादि की कृत्रिम कमी पैदा कर जबरदस्त कहर ढाये हुए हैं। श्मशान घाट में मिलने वाली लकड़ियां, बिजली के शवदाहगृह, शवों की लंबी लाइन भी कहर के विषय हो जाएंगे ऐसा सपने में भी किसी ने नहीं सोचा था।अवसाद एवं बेरोजगारी सहित इस वक्त पचासों प्रकार के जो कहर देश में फैले हुए हैं,उसे देखकर कभी-कभी विचार बनता है,पीएम,सीएम एवं डीएम की हिटलरशाही के इस दौर में हमारे देश और उसकी निरीह जनता को पता नहीं नरक में भी जगह मिलने वाली है या नहीं?

## कविता



संकट की इस घड़ी में, कोई इससे डरो ना
रखे सावधानियां बहुत, घर से बाहर निकलो ना
विपदा की इस घड़ी में, विश्व में आफद आई हैं
लाशों का ढ़ेर लगाकर, हाहाकार मचाई हैं
फैल गया है दुनिया में सारे, और रुला दिया है सबको
हाथ जोड़ नमस्ते करो, हाथ न किसी को छियो ना
कुछ दिन घर पर रहो तो,शायद फिका पड़ जाए कोरोना
सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखो, और इससे डरो ना
फिर भी जो मूर्ख होते हैं वो घर से बाहर निकले ना
जीवो की निर्दई हत्या का,हाय बनकर फूटी ना
लॉकडाउन में घर पर रहना,तभी रहोंगे सुरक्षित ना
मजदूर भाई आप सभी भी अपना ध्यान रखिए ना
आप सभी भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करिए ना
हां बहुत खौफनाक मंजर हैं यहां तबाही के घूटने टूटे
रखो भरोसा भगवान पर,पर इससे डरो ना

**शिवम रामटेक्कर**
**बालाघाट मध्यप्रदेश**

## जल उठें हम तुम

चल यूँ करें कि दीपक बन जाएँ हम तुम
जल उठें और जहाँ को जगमगाएँ हम तुम
या फिर हरेभरे पेड़ बनकर खूब फलें फूलें
सबको ज़िंदगी देकर खिलखिलाएँ हम तुम
नदी होकर बहें पहाड़ों में, वनों में, नगरों में
इंसा की चिरसंचित प्यास बुझाएँ हम तुम
धूल बनें, सूर बनें, चूल्हा बनें, पुस्तक बनें
अन्न, संगीत, रोटी, ज्ञान उगाएँ हम तुम
कहने का मतलब बस इतना सा है 'मधु'
जहाँ भी रहें अपना फर्ज निभाएँ हम तुम
**– मधुसूदन चौबे**




## संजीव-नी



क्या पतझड़ यूं ही पसरा रहेगा?
अमलतास के मुस्कुराते फूलों को,
फैलती है जब भी गंध ,
तब
कचनार भी अमलतास की तरह
शर्मा कर अपनी टहनियां
सिक्कोड लेता है
अपनी ही बाहों में,
और डहलिया भी
गुनगुनाता है गीत बसंत के,
और पत्तियां सहेलियों से
खिलखिलाती हैं अनजान
फिजाओं में,
ऐसे में एक गीत उभरते हैं,
ओरछा के गोटूल में,
और जन्म लेती है
शाश्वत शुद्ध काया,
और शुरू होता है,
निर्बाध मासूम भोलेपन का,
ममहाता सिलसिला पर,
पिछली कुछ बयारों से ,
छाई है कालीमां हवाओं में,
ना तो अब अमलतास मुस्कुराते हैं,
नाही कचनार अब खिलखिला कर हंसता ही है,
फूलों का शर्माना भी अब के
कालीमां के साथसिमट गया है,
अब पतझड़ पत्तियों फूलों पेड़ों में
नहीं पूरे जंगल में पसर गया है,
अब घोटुल से नहीं आती
खील खिलाने की आवाज,
चूड़ियों की खनक लुप्त है,
अब पत्तियों पेड़ों फूलों के
साथ पूरे वनांचल में,
यूं ही पथरा रहेगा सन्नाटा और पतझड़
**संजीव ठाकुर अन्तेराष्ट्रीय,कवि,चौबे कोलोनी, रायपुर,**

## एक सपना

नवम्बर का पहला सप्ताह , राधे जो कि जयपुर शहर में अपनी पढाई कर रहा था , एक दिन उसके सोशल मीडिया पर एक लडकी धडाधड उसके फोटो वगेरह को लाईक किये जा रही थी , राधे यह सब देखकर कुछ हैरान और कुछ खुश भी था क्योकिं पहली बार किसी लडकी ने उसके सारे फोटो को लाईक किया और आगे चलकर उससे बात करने को उत्साहित थी । लेकिन फिर उसके मन में विचार आया कि ये मेरा कोई दोस्त भी हो सक्ता हैं, जो घूंघट निकाल के मेरे मजे लेने आया हो । राधे ने उस लडकी को मैसेज किया और पूछा - आप सच में लडकी है या नही ? लडकी भी बहुत ही होशियार थी उसने भी जवाब दिया - ÷आप जयपुर रहते हैं और मैं आपको जानती हूँ और मैं मध्यप्रदेश से हूँ । ये सुनकर राधे अचंभित रह गया , उसे समझ ही नही आ रहा था कि कोई लडकी वो भी दूसरे राज्य की इतना सब कुछ उसके बारें में कैसे जानती है? उसे अब पूरा यकीन हो गया था कि ये कोई अपना ही मित्र है जो मेरे मजे ले रहा है । लेकिन सरकार भी कम नही थी राधे की हर बात का उल्टा जवाब दे रही थी । सरकार ने उसे बहुत दिनों तक अपना परिचय नही दिया । राधे जितनी बार उसके बारे में पूछता वो हर बार एक ही बात दोहराती थी - ÷ बोला न मध्यप्रदेश से हूँ, तुम्हे जानती हूँ, मेरे गाँव का और मेरा नाम एक ही अक्षर से शुरू होता है और तुम्हें पता भी है ।÷ राधे ने अब जिद्द पकड ली थी चाहे कुछ भी हो जाये वो सरकार को देखे बिना उससे अब बात नही करेगा ।
लेकिन सरकार भी इतनी आसानी से मानने वाली नही थी । वो रोज कुछ न कुछ बहाना करके बात को टाल दिया करती थी । राधे ने एक दिन गम्भीर होकर सरकार से कहा- देखो मुझे नही पता तुम कौन हो , क्या चाहती हो , तुम मेरे बारे में इतना सबकुछ कैसे जानती हो , और अगर तुम आगे मुझसे दोस्ती रखना चाहती हो तो तुम्हें अपना वास्तविक परिचय तो देना ही होगा अन्यथा मैं तुमसे बात नही करूँगा । सरकार ने पहली बार राधे की बात को गम्भीरता से लेते हुए कहाँ- तुम नाराज क्यूँ होते हो , तुम्हें मेरा परिचय चाहिए तो दिसम्बर की 2 तारीख को मैं तुमसे खुद मिलने आ जाऊँगी , इतना इंतजार तो कर ही सकते हो जब इतने दिनो से कर रहे हो तो कुछ दिन और कर लो । सरकार की बात पर राधे ने गौर किया तो उसे पता चला कि 2 दिसम्बर को तो उसके परिवार में ही किसी की शादी हैं अर्थात् सरकार मेरे ही रिश्तेदारों में से हैं । अब राधे को इन्तजार था 2 दिसम्बर का । उसने सरकार को बता दिया था कि तुम मेरे ही रिशतेदारों में से एक हो और कहाँ से हो कौन हो सब जान गया हूँ । चूकि दोनों में अब जान पहचान हो गयी थी , हालांकि राधे ने अभी तक उसको देखा नही , सिर्फ बाते ही हो रही थी । दिसम्बर का महीना शुरू होने से कुछ दिन पहले सरकार ने पूछा - हम पहली बार मिलने वाले हैं तो मेरे लिये क्या उपहार लेकर आओगे ? राधे ने मुस्कुराते हुए कहा - तुम ही बता दो तुम्हें क्या चाहिए । नहीं , तुम्हें जो सबसे अच्छा लगे वो ले आना लेकिन देना सबके सामने पडेगा और ऐसा कर पाओ तो ही उपहार लाना- सरकार ने कहा । राधे ने कहा ठीक है ले आऊँगा , सबके सामने तुम्हे दे भी दूँगा और कुछ ? नही , अभी इतना ही काफी है - सरकार । इधर अब दोनों के मुलाकात की घड़ी नजदीक आ रही थी और राधे भी सरकार के लिये एक छोटा सा उपहार ले आया था । नवम्बर माह का अन्तिम दिन , राधे अपने छोटे भाई व माँ के साथ शादी में पहुँचा । पहुँचते ही उसे जिस पल का इंतजार था जिसे देखने के लिये कितने लम्हे उसने बेचैनी से गुजारे , जिसके लिये वो उस शादी में आया था आखिरकार वो उसके सामने थी । सरकार के केश कुछ बिखरे हुए , एक लट बार-बार उसके कोमल होठों को छू रही थी , उसकी मृग नयनी सी आँखे, उसका हल्का कत्थई रंग का सलवार सूट उसकी खुबसूरती में चार चाँद लगा रहा था और उसका श्याम वर्ण राधे को उसकी और खींचे जा रहा था लेकिन सरकार अपनी ही धुन में मस्त , दुनियाँ से बेखबर दुल्हन के हाथों में मेहंदी लगा रही थी । उस समय तो सरकार ने राधे को देखा तक नही और कुछ ही देर में वो उठकर दूसरी जगह चली गयी । राधे ने सोचा अभी थोड़ा शरमा रही होगी इसलिए चली गयी। चूंकि शादी का माहौल था और रात को नाचने - गाने का कार्यक्रम भी था । शाम के लगभग 4:30 बजे सबने मिलकर दाल -बाटी बनाना शुरू किया । शाम को 7 बजे तक सबने भोजन कर लिया था और उस समय तक डीजे वाला भी आ चुका था तो सभी तैयार होकर घर के बाहर आंगन में जमा होने लग गये । राधे भी तैयार होकर सरकार का इंतजार कर रहा था । कुछ ही देर बाद सरकार भी दुल्हन के साथ नीले रंग का लहँगा पहने हुए बाहर आयी जो कि राधे का पसंदीदा रंग था । राधे की लगभग हर दूसरी वस्तु नीले रंग की होती थी और आज तो सरकार खुद राधे के रंग में रंगकर आयी थी ऐसे में राधे की खुशी का ठिकाना कैसे रहता । दरअसल दोनो जो लब्जों में बयाँ नही कर पा रहे थे वो अब एक -दूसरे को इशारों में कह रहे थे । दोनों एक-दूसरे के मनोभावों को जानते थे लेकिन कहने से डरते थे । खैर अब नाच गाना शुरु हो गया था और जमकर ठुमके लग रहे थे । इसी बीच राधे की बहने जो कि कोई बैंक लुटने वाले लुटेरे हो , ऐसा वेश बनाकर आयी और उसे भी अपने साथ खूब नचाया । दरअसल गाँव की शादियों में एक परम्परा होती है जिसमे औरते वेश बदलकर खेल तमाशे करती हुई प्यार से गालियाँ देती हैं लेकिन इस समय नाच गाना चल रहा था । इसमे मजेदार बात यह थी कि राधे कि बहनों के साथ सरकार भी थी और उसी ने राधे के साथ खूब ठुमके लगाये । लेकिन राधे इस बात से अनजान ही रहा । अगली सुबह जैसा कि सरकार ने कहा था कि कुछ उपहार लाओ तो सबके सामने देना अन्यथा मत लाना , राधे उठते ही यही सब सोच रहा था कैसे सबके सामने उसे उपहार दे और किसी को पता भी न चले । तभी दुल्हन का भाई हरीश (सरकार की बुआ का लड़का ) आया और राधे से बोला - सरकार के पास एक घड़ी हैं और वो लड़को की घड़ी हैं तो मैने उससे मांगी लेकिन उसने कहा कि मुझे दूसरी घड़ी लाकर दे और ये ले जा।÷ अब तू बता क्या करू ? हरिश की ये बात सुनकर राधे की सारी समस्या ही दूर हो गयी और राधे के दिमाग में एक खुरापाती विचार आया , उसने बड़ी ही चतुराई से कहा कि - हरीश देख ऐसा है कि मेरे पास एक घड़ी हैं लेकिन वो किसी को देने के लिये लाया था , लेकिन अभी सरकार को यही दे दे और उसकी घड़ी तू ले ले । हरीश भी आसानी से राधे की बातों में आ गया । दोनो एक साथ आये , जहाँ परिवार के सभी लोग बैठे अपनी अपनी बातों में व्यस्त थे और वो सीधा सरकार के पास गये और उसे घड़ी दे आये । इस तरह राधे ने सबके सामने घड़ी देकर अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया । सरकार को यकीन ही नही हुआ कि राधे सच में उसके लिये उपहार लाया है क्योकिं उसने सिर्फ एक ही बार वो भी मजाक में कहा था , खैर अब तो घड़ी सरकार के हाथ में आ गयी थी । शादी का अन्तिम दिन शेष रह गया था , बारात आने वाली थी । सभी सज धज कर बारातियो के स्वागत के लिये सज्ज हो चुके थे । कुछ ही देर में बारात आ गयी और समस्त रीति रिवाजों के साथ शादी की रस्म शुरू की गयी । विवाह के फेरो तक राधे और सरकार आमने-सामने बैठे एक दूसरे को निहार रहे थे, मानों खुली आँखो से स्वयं की शादी होते देख रहे हो । इसी बीच बैठे-बैठे राधे को कब नींद आ गयी पता ही नही चला और जब तक नींद खुली सरकार जा चुकी थी। राधे को अब कुछ अच्छा नही लग रहा था क्योकिं सरकार से वो एक पल भी बात नही कर पाया था उसने सोचा था कि शादी के बाद जब सब बिखर जायेंगे तो कुछ पल उसके साथ बिताऊँगा लेकिन उसका ये सपना ही बिखर कर रह गया । अगली सुबह राधे वापस अपने शहर जयपुर लौट आया लेकिन वो खुश नही था क्योकिं सरकार ने उसके बाद उससे बात ही नही की । एक दिन अचानक सरकार का सन्देश आया जिसमे लिखा था कि - ÷मेरे घरवाले मेरी सगाई कर रहे हैं, और लड़का भी पसंद करके चला गया है , मैं तुम्हारे अलावा किसी के साथ नही रहना चाहती , और मैं ये सब घरवालों को कह भी नही सक्ती , न ही लड़के में कुछ कमी बता सक्ती हूँ क्योकिं लड़का सरकारी नौकरी करता है । राधे की आँखो से आँसुओ का समंदर उमड़ रहा था , उसका सब कुछ मानों किसी ने छीन लिया हो , उधर सरकार का भी यही हाल था । लेकिन दोनो अपने अपने परिवार की इज्जत की खातिर मौन थे सिवाय आँसुओ के उनके पास कुछ नही बचा था । उनका जो एक सपना था अब सपना ही बनकर रह गया था । उनके ख्वाबों का महल अब टूट रहा था । हाँ इतना जरुर था कि अभी सरकार की सगाई नही हुई थी तो दोनों एक ही दुआ कर रहे थे किसी तरह ये सगाई न हो.......। लगभग दो महीने बीत चुके थे और दोनों की उम्मीदे भी टूट गयी थी । आँसुओ के साथ साथ मानों उनके ख्वाब भी बहे जाते थे ।



**टीकम नागर राधे**

## पीर दिलों की

कस्बों, नगरों, शहरों में
छाया अन्धियारा निराशा का
जब से श्मशानों में
होनी लगी चिताओं की रोशनी ज़्यादा
कैसा खौफनाक मंज़र है
हर पल हार रही ज़िन्दगी यूँ मौत से
पीर किसे सुनाये कोई अपनी
डूबे आँसूओं की गहरी वेदना में
कहीं बेटा तो कहीं बाप
कहीं पति तो कहीं पत्नी
कहीं बिटिया तो कहीं बहन



सब हैं बेबस बस खड़े खाली हाथ ठेके घुटने यूँ किस्मत के आगे
रचा खेल कैसा इस महामारी ने छीन यूँ अपनों से अपने
छाया यूँ गहरा सन्नाटा
कस्बों, नगरों, शहरों में
जब से श्मशानों में
होनी लगी चिताओं की रोशनी ज़्यादा।।
पीर किसे सुनाएं
कितना आहत है मन
देख जितनी बेबस ज़िन्दगी उस से कहीं ज़्यादा मौत
नहीं मिल पा रहा किसी को साथ किसी अपने का
किसी को जगह तो
किसी को पैसे का अभाव
किसी को साधन
तभी तो घाटों, नदियों से यूँ
तैरते नज़र आ रहे शव
कहीं उभर आ रहे दबे ज़मीनों में
ऐसी बेकद्री या मजबूरी तो कभी न थी की मरने पर भी न मिले मुक्ति विधि विधान से
न मिल सकता कोई गले किसी अपने से करने को दुःख सांझा
बस गूगल मीट पर ही हो रही अंतिम श्रद्धांजलि और शोक सभाएं
है मुश्किल ये घड़ी कैसी
पीर किसे सुनाए कोई अपने दिल की जितनी बेबस हुई ज़िन्दगी उतनी ही मौत
छाया यूँ अन्धियारा निराशा का हर ओर
जब से श्मशानों में
होनी लगी चिताओं की
रोशनी ज़्यादा।।

**मीनाक्षी सुकुमारन, नोएडा**

## क्यों करनी है कल की चिंता

क्यों करनी है कल की चिंता
कल को छोड़ें काल पर?
आज मिला है ऐसा मौका



जीवन जी लें ताल पर।।
हाँ बेसक बाहर खतरा है
पर मन में खतरा क्यूँ पालें ?
अपने दुःख से अपने परिजनों को
और दुःख में क्यों डालें ??
स्वासों का तो काम है चलना
ऊपर नीचे होने का काम।
चलता रहे जो अपने अंदर
फिर क्यों तब हम करें विश्राम ??
क्यों सोंचें तोड़ने चाँद तारे को
जो पहुच से काफी दूर ?
हमें खुसी बस दीपक रोशनी की
जो अंधकार को करता दूर।।
कल की चिंता करते करते
अपने आज को क्यों करना खराब।
हँसी खुसी में आज निकल जाए
इससे अच्छा क्या हो आज।।
कल की बातें कल सोचेंगें
तब होगी वो काल की बात।
अगर डोर बंधा रहा स्वासों का
तो काट जाएगा फिर वो काल।।
हम तो बस निमित्त मात्र हैं
डोर फँसी है किसी और के हाथ।
फिर नाहक चिंता क्यों करना
जब अपने हाथ नहीं कुछ खास।।
रंग मंच के हम कठपुतली
हमें करना बस अपना कार्य।
स्वासों के इस आवाजाही का
खेल बना रहेगा जबतक साथ।।
**श्री कमलेश झा,नगरपारा भागालपुर**

## जैविक के युद्ध का जहर- चीनी व्यक्तित्व की विकृतियां

अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सोता हुआ दैत्य चीन आज अपने पुराने सिद्धांतों पर चल रहा है कि ÷सहस्त्र फूलों को एक साथ खिलने दो÷। यह तो ध्रुव सत्य है कि चीन ने अघोषित जैविक क्रांतिकारी सिद्धांतों के क्रांतिकारी कार्य का दंश संपूर्ण विश्व झेल रहा है। चीन के इस अघोषित जैविक युद्ध को राजनीतिक सिद्धांत के मान्यताओं की नापाक कसौटी पर नहीं परखा जा सकता है। युग दर्शन के सिंहासन पर बैठने का स्वप्न लिए चीन रक्त की एक बूंद बहाए बिना विश्व का प्रणेता बनना चाहता है। विश्व में मानव समुदाय की अधजली आग से लाशें, कब्रिस्तान के खौफनाक मंजर इस बात के प्रमाण है कि बुहान का यह वायरस चीन की प्रयोगशाला में बहुत पहले ही तैयार कर लिया गया था। चीन को इस बात की पूर्ण प्रत्यक्ष जानकारी थी की बुहान का यह वायरस समुद्र की लहरों की तरह कभी शांत हो जाएगा कभी उग्र रूप धारण कर लेगा। चीन विश्व की आर्थिक अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर अपनी नई आर्थिक प्रणाली विश्व पर थोपना चाहता है। आन कांट्रडिक्शन नामक पुस्तक में माओ ने बहुत पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि राजनीतिक शक्ति बंदूक के नाल से निकलती है किंतु नई वैश्विक युग की नई परिभाषा से चीन ने इस अपनी पुरानी विचारधारा से पटाक्षेप कर लिया और विषाणु से नयी राजनीति शक्ति प्राप्त कर आर्थिक विश्व विजेता सपना देख रहा है जो कभी ना कभी सच हो सकता है। चीन यह बात अब बखूबी जान रहा है कि विश्व के उत्पादन शक्तियों व उत्पादन संबंधों पर नियंत्रण करके समूची विश्व अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर दिया जाए। चीन इस अघोषित विषाणुजनित युद्ध के द्वारा संपूर्ण विश्व में वैश्विक बाजार व्यवस्था का ÷चीनीकरण÷ करना चाहता है। मानवता के शव पर चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने खिलौनों महल खड़ा करना चाह रहा है। समूचे विश्व की चिकित्सा प्रणाली को ध्वस्त करना, अपनी प्रयोगशाला में कोरोना वायरस तैयार करना, अपने नागरिकों को सर्वप्रथम टीका लगवाना, सर्वप्रथम अपने यहां लॉकडाउन घोषित करना इस बात के स्पष्ट प्रमाण है कि चीन ने यह महामारी फैलाने की कलाकारी जानबूझकर किया है। चीन यह जान रहा है दो महायुद्धो के बाद जर्जर हो चुके दोनों विश्व की आर्थिक महाशक्तिओं को सिर्फ प्रबल धक्का देना है उनकी लड़खड़ाती हुई आर्थिक व्यवस्था की दीवारे तो स्वयं गिर जाएगी। आज एशिया महाद्वीप में चीन के समर्थक देशों में कोरोना का संक्रमण न्यूनतम स्तर में है जबकि भारत में यह उच्चतम स्तर पर है। अब तो ऐसा प्रतीत हो रहा है की अघोषित तृतीय महायुद्ध के बाद ÷चीनीकरण÷ के प्रदुर्भाव के लिए चीन ने अपनी पृष्ठभूमि का निर्माण कर लिया है। वर्तमान समय में चीन यह दिखावा कर रहा है कि हम तटस्थ हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक आर्थिक अर्थव्यवस्था में तटस्थता धोखे की टटरी होती है। तटस्थता बालू की उस भीती के समान होती है जो कभी भी गिर सकती है। चीन आज माओ की क्रांति के द्वारा परिवर्तन की उसी पद्धति पर चल रहा है जिसमें टुन , टुन - फाइट फाइट टा, टा, टा, टा, टाक, टाक ,टाक,टाक पहले लड़ो, फिर निर्बल करके बात करो, वार्ता भंग कर पुनः लड़ो, अंत में अर्थव्यवस्था पर अधिकार कर लो। लेकिन चीन को यह अब समझ लेना चाहिए कि विश्व में शांति की स्थापना के लिए चीन को स्वयं इस अपनी विचारधारा की श्रद्धांजलि देनी होगी।



**सत्य प्रकाश सिंह**
**केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज प्रयागराज उत्तर प्रदेश**

## पुरुष



घर की जिम्मेदारी उस पर, हर फर्ज वह निभाता है।
जब भी कोई संकट आये, तुरंत ही अड़ जाता है।।
भार उसी के कंधे पर है, सबको वह सह जाता है।
सब्जी भाजी चाँवल राशन, लेकर के वह आता है।।
करो नहीं बदनाम पुरुष को, सबकी रक्षा करता है।
अगर कहीं अन्याय हुआ तो, आगे आकर लड़ता है।।
होते हैं पुरुष साथ में तब, महिला आगे आती है।
घर परिवार और दुनिया में, इज्जत खूब कमाती है।।
महेंद्र देवांगन माटी
(प्रेषक - सुपुत्री प्रिया देवांगन प्रियू)

# विवाह सहित सार्वजनिक समारोहों में अब सिर्फ 25 लोगों की ही अनुमति



**लखनऊ।** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर ने पूरे देश में त्राहि-त्राहि मचा रखी है. देश की सभी राज्य सरकारें इस महामारी से निपटने के लिए हर रोज तरह-तरह के नए उपाय कर रही हैं. उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अब विवाह सहित किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में सिर्फ 25 लोगों की ही अनुमति का आदेश जारी किया है. आपको बता दें कि इसके पहले ऐसे कार्यक्रमों में 50 लोगों के शामिल होने की अनुमति थी. सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने एक मई से लेकर 24 मई तक राज्य में कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन लगाया है, जिसमें कई तरह की बंदिशें शामिल हैं.

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस के मुताबिक अगर आप बिना किसी कारण बाहर टहलने पर सख्त कार्रवाई का भी निर्देश है. अब सूबे की सरकार ने लॉकडाउन की गाइडलाइंस में नया संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक बंद या फिर खुले स्थानों पर समारोहों में एक समय में अधिकतम 25 व्यक्तियों के शामिल होने की ही अनुमति होगी. प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को ये आदेश जारी कर दिया है. अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि एक समय में 25 से अधिक मेहमानों को एक ही कार्यक्रम में उपस्थिति रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी. इस दौरान शामिल सभी 25 मेहमानों को सोशल डिस्टेंसिंग और सबके लिए मॉस्क लगाए रखना भी आवश्यक रहेगा. इसके अलावा आयोजन स्थल पर सैनिटाइजर का इंतजाम भी करना होगा. प्रदेश में बीते 18 दिन से कोरोना वायरस संक्रमण के नए केस मिलने की संख्या में काफी गिरावट आई है. प्रदेश में 24 घंटे में 8737 नए संक्रमित केस मिले हैं, जबकि 255 लोगों की मौत हो गई है. स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को कुल 8737 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. इसमें लखनऊ में 502, वाराणसी में 322, कानपुर नगर में 154, प्रयागराज में 158, मेरठ में 453, गौतम बुध नगर में 345, गोरखपुर में 295, गाजियाबाद में 289, बरेली में 150, मुरादाबाद में 176, झांसी में 42, सहारनपुर में 374, मुजफ्फरनगर में 337, आगरा में 113, जौनपुर में 165, मथुरा में 223, शाहजहांपुर में 200, बाराबंकी में 141, देवरिया में 263, बुलंदशहर में 250, रायबरेली में 133, अयोध्या में 171, कुशीनगर में 137, बदायूं में 112, महाराजगंज में 153, हापुड़ में 162, बहराइच में 132, फरुर्खाबाद में 129, बागपत में 238, बलरामपुर में 108 मरीज मिले हैं. अन्य जिलों में सबसे कम पॉजिटिव पाए गए हैं.

## रीवा के भाजपा सांसद ने कोविड सेंटर के शौचालय की हाथ से की सफाई

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा से भाजपा के सांसद जनार्दन मिश्रा चर्चाओं में हैं, इस बार उनके चर्चाओं में होने की वजह कोविड केयर सेंटर के गंदे शौचालय की शीट की सफाई हाथ से किया जाना है. बताया गया है कि सांसद मिश्रा सोमवार को मउगंज के दौरे पर थे. उन्होंने यहां के कोविड केयर सेंटरों का जायजा लिया. वे जब कुंज बिहारी कोविड केयर सेंटर पहुंचे और वहां के शौचालय को देखा तो गंदगी देखकर उनसे रहा नहीं गया. ब्रश नहीं मिला तो फिर क्या था, उन्होंने हाथ में दस्ताने पहने और खुद जुट गए उसकी सफाई में. सांसद मिश्रा ने अपने हाथों से ही घिस-घिसकर शौचालय की गंदी शीट की सफाई की. शौचालय की जब सफाई हो गई तो उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि इस तरह सफाई रखी जाती है. सांसद का हाथ में ग्लब्ज पहनकर शौचालय की शीट की सफाई का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र के जन-भागीदारी मॉडल को सराहा-देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना प्रबंधन में मध्यप्रदेश द्वारा अपनाये गये जन-भागीदारी मॉडल की सराहना की है. प्रधानमंत्री मोदी देश भर के राज्य और जिले के अधिकारियों के साथ कोरोना महामारी के दौरान उनके अनुभवों के बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के द्वारा संवाद कर रहे थे. प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के जनभागीदारी मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि जिला, ब्लाक और पंचायत स्तर पर क्राइसिस मनेजमेंट कमेटियां बनाई गई हैं. इनमें पक्ष-विपक्ष के सभी राजनैतिक दलों के लोगों को जोड़ा गया है. यह जनता से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है. जन-प्रतिनिधियों को जोड़कर हम उनकी ऊर्जा का उपयोग कोरोना के विरूध लड़ाई में कर सकते हैं. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कोरोना संक्रमण गांवों में फैल रहा है. वहां इसका सामना बिना जनशक्ति और जन-सहयोग के नहीं किया जा सकता. ग्राम, वार्ड, जिला स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में राजनैतिक दल लोगों को जोड़ने की दिशा में अन्य राज्य भी मध्यप्रदेश के समान कार्य करें तो यह प्रभावी सिद्ध होगा.

## सीएम योगी का फैसला- कोरोना से अनाथ हुए बच्चों की जिम्मेदारी उठाएगी राज्य सरकार



**लखनऊ।** देश में कोरोना की दूसरी लहर ने कहर बरपा रखा है. उत्तर प्रदेश में लॉकडाउन की वजह से कोरोना के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है. इस बीच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बड़ा फैसला किया है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच अनाथ अथवा निराश्रित हुए बच्चे राज्य की संपत्ति हैं. कोरोना की वजह से जिन बच्चों के माता-पिता का देहांत हो गया है, उनके भरण-पोषण सहित सभी तरह की जिम्मेदारी राज्य सरकार की ओर से मुहैया कराई जाएगी. इस संबंध में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग तत्काल विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं.

**उत्तर प्रदेश में शादियों, कार्यक्रमों में केवल 25 लोगों को अनुमति**-उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लॉकडाउन को लेकर अब नए निर्देश जारी किए हैं, जिसमें कोविड महामारी के मद्देनजर अधिकतम 25 लोगों को शादियों और अन्य समारोहों में शामिल होने की अनुमति दी गई है. जिला अधिकारियों को लिखे पत्र में, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने कहा कि शादी और अन्य कार्यों के लिए एक समय में अधिकतम 25 आमंत्रितों को खुले और इंडोर स्थानों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी. इससे पहले, अधिकतम 50 लोगों या मैरिज हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत लोगों को समारोह में भाग लेने की अनुमति थी. खुले स्थानों में अधिकतम 100 व्यक्तियों को अनुमति दी गई थी. अवस्थी ने कहा कि आमंत्रितों को मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग के साथ कोविड-उपयुक्तप्रोटोकॉल का पालन करना होगा.आदेश में कहा गया है कि बैठने की व्यवस्था करते समय सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करना होगा, साथ ही जिस स्थान पर समारोह आयोजित किया जा रहा है वहां शौचालयों की साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करनी होगी. आदेश में कहा गया है कि इन शर्तों का पालन करने की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी. इस बीच, अकेले राज्य की राजधानी में चल रहे कोरोना कर्फ्यू के दौरान 2,700 से अधिक शादियों को स्थगित या रद्द कर दिया गया है. एक वेडिंग हॉल मालिक के मुताबिक, बड़ी संख्या में बुकिंग रद्द कर दी गई है, जिससे कारोबारियों को बड़ा झटका लगा है. एक मशहूर व्यवसायी, जिसने 29 मई को अपने बेटे की शादी को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है, ने कहा, लोग शादी के कार्यक्रमों को रद्द कर रहे हैं क्योंकि ऐसे समारोहों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन संभव नहीं है. अगर मेहमानों की संख्या 50 से ज्यादा है, तो कोई अतिरिक्त मेहमानों को कार्यक्रम स्थल छोड़ने के लिए कैसे कह सकता है? यदि कोई उल्लंघन होता है तो स्थानीय पुलिस दुर्व्यवहार करती है. इसके अलावा, मेहमानों के आने-जाने के लिए कर्फ्यू कठिन है. व्यवसायी ने कहा कि उन्होंने अभी तक शादी की नई तारीख तय नहीं की है. उन्होंने कहा, सितंबर में तीसरी लहर की बात चल रही है, जो फिर से मुश्किल खड़ी कर देगी. अगर ऐसा होता है तो हम देश के बाहर डेस्टिनेशन वेडिंग का विकल्प चुन सकते हैं.÷



## मस्जिद तोड़े जाने के खिलाफ अदालत जाएगा सुन्नी बोर्ड

**बाराबंकी के राम स्नेही घाट तहसील क्षेत्र में पुरानी मस्जिद गिराए जाने का मामला, जिला मजिस्ट्रेट आदर्श सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से संरचना का निर्माण**

**उत्तर प्रदेश।** यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने कहा है कि वह जल्द ही इस सप्ताह की शुरुआत में ढहाई गई एक मस्जिद की बहाली और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय न्यायिक जांच और कार्रवाई की मांग के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा. बाराबंकी के राम स्नेही घाट तहसील क्षेत्र में सोमवार को पुलिस की तैनाती के बीच दशकों पुरानी मस्जिद गिराए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया. तहसील बाराबंकी-अयोध्या सीमा पर एक राजमार्ग पर स्थित है. बाराबंकी के जिला मजिस्ट्रेट आदर्श सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से संरचना का निर्माण किया था, जो 15 मार्च को नोटिस भेजे जाने पर भाग गए थे. उन्होंने कहा कि प्रशासन ने 18 मार्च को ढांचे को अपने कब्जे में ले लिया था और उसी दिन अनुमंडल दंडाधिकारी की अदालत के आदेश के बाद इसे ध्वस्त कर दिया गया था. मुस्लिम समूह कह रहे हैं कि एक मस्जिद को अवैध रूप से तोड़ा गया था. सुन्नी बोर्ड के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी ने कहा, ÷यह स्थानीय प्रशासन की मनमानी है.

बाराबंकी निवासी और वकील इकबाल नसीम नोमानी दरियाबादी ने कहा कि वह पिछले तीन दशकों से मस्जिद में नमाज अदा कर रहे थे. दरियाबादी ने कहा कि वह महामारी के दौरान जल्दबाजी में की गई कार्रवाई के पीछे के मकसद को समझने में असमर्थ हैं. जिले के एक अधिकारी ने कहा कि अवैध ढांचे को पहली बार मार्च में एक सत्यापन अभियान के दौरान हरी झंडी दिखाई गई थी. उन्होंने कहा, वहां रहने वाले तीन लोग अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कहने पर भाग गए. एक वीडियो में, बाराबंकी के जिलाधिकारी आदर्श सिंह ने एसडीएम (राम स्नेही घाट) के घर के सामने तहसील परिसर में ध्वस्त ढांचे को अवैध रूप से निर्मित आवासीय स्थान कहा. उन्होंने कहा, ÷15 मार्च, 2021 को स्वामित्व साबित करने के लिए वहां रहने वालों को नोटिस भेजे जाने पर वहां से भाग गए. प्रशासन ने 18 मार्च, 2021 को संरचना पर कब्जा कर लिया.÷ सुन्नी बोर्ड ने एक बयान में दावा किया कि यह 100 साल पुरानी मस्जिद थी.

## देश में डॉक्टर्स की मौतों को लेकर सरकारों की अनदेखी दुखदः मायावती



**लखनऊ।** कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं और महामारी की दूसरी लहर के दौरान अब तक सैंकड़ों डॉक्टरों की जान भी जा चुकी है. इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी मुखिया और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने दुख जताया है. इसके साथ ही मायावती ने आरोप लगाया है कि कोरोना योद्धाओं के रूप में सम्मानित डॉक्टर्स की मौत के संबंध में सरकारें अनदेशी कर रही हैं. बसपा अध्यक्ष ने यूपी पंचायत चुनाव में शिक्षकों की मौत को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए हैं.

मायावती ने बुधवार को ट्वीट किया, 'देश भर में कोरोना योद्धाओं के रूप में सम्मानित खासकर डाक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाकाल के दौरान हो रही बीमारी व मृत्यु आदि के सम्बंध में सरकारों की घोर अनदेखी व उपेक्षा की खबरें अति-दुखद. उनकी सुरक्षा आदि के बारे में सरकारों को पूरी तरह से गंभीर होने की सख्त जरूरत.'

1. देश भर में कोरोना योद्धाओं के रूप में सम्मानित खासकर डाक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाकाल के दौरान हो रही बीमारी व मृत्यू आदि के सम्बंध में सरकारों की घोर अनदेखी व उपेक्षा की खबरें अति-दुःखद। उनकी सुरक्षा आदि के बारे में सरकारों को पूरी तरह से गंभीर होने की सख्त जरूरत। 1/2 – 4 19, 2021

उन्होंने दूसरे ट्वीट में लिखा, 'इसी प्रकार, यूपी में पंचायत चुनाव की ड्यूटी निभाने वाले शिक्षकों व अन्य सरकारी कर्मचारियों की कोरोना संक्रमण से मौत की शिकायतें आम हो रही हैं, लेकिन इनकी सही जांच न होने के कारण इन्हें उचित सरकारी मदद भी नहीं मिल पा रही है, जो घोर अनुचित. सरकार इस पर तुरन्त ध्यान दे.'

2. इसी प्रकार, यूपी में पंचायत चुनाव की ड्यूटी निभाने वाले शिक्षकों व अन्य सरकारी कर्मचारियों की कोरोना संक्रमण से मौत की शिकायतें आम हो रही हैं, लेकिन इनकी सही जाँच न होने के कारण इन्हें उचित सरकारी मदद भी नहीं मिल पा रही है, जो घोर अनुचित। सरकार इस पर तुरन्त ध्यान दे। 2/2 – 4 19, 2021

गुजरात के क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। दरअसल, महामारी की दूसरी लहर के दौरान 269 डॉक्टरों की मौत हो चुकी है. इनमें पद्मश्री से सम्मानित और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केके अग्रवाल भी शामिल हैं. आईएमए के अनुसार, कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान कुल 269 डॉक्टरों की जान चली गई है. इन डॉक्टरों में ज्यादातर की उम्र 30 से 55 साल के बीच थी. आईएमए के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में संक्रमण से मरने वाले डॉक्टरों की संख्या सबसे ज्यादा दर्ज की गई. बिहार में अब तक कुल 78 डॉक्टरों की मौत हो चुकी है.

## एमपी में कांग्रेस विधायक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि उनके आवास पर महिला मित्र द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है. वहीं महिला का पुत्र आर्यन पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहा है. हरियाणा के अंबाला की रहने वाली 39 वर्षीय सोनिया भारद्वाज ने कांग्रेस विधायक सिंघार के आवास पर रविवार को दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. महिला का सोमवार को भोपाल में अंतिम संस्कार कर दिया गया. पुलिस ने बेटे आर्यन भारद्वाज और सिंघार के घर के नौकर से पूछताछ करने के बाद आत्महत्या के लिए उकसाने का शाहपुरा थाने में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि महिला के बेटे और घर के नौकर से पूछताछ में पता चला है कि महिला और पूर्व मंत्री के बीच नोकझोंक होती थी. साथ ही सुसाइड नोट में भी इसके संकेत मिले हैं कि महिला ने दवाब में आकर आत्महत्या की है. उसके बाद ही मामला दर्ज किया गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भदौरिया ने मामला दर्ज किए जाने की मीडिया से पुष्टि की है. पूर्व मंत्री सिंघार के लिखाफ मामला दर्ज होने के बाद महिला के बेटे आर्यन ने पुलिस कार्रवाई पर ही सवाल उठा दिए हैं. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आर्यन के बयान में उसका कहना है कि, पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है उसे वापस लेना चाहिए क्योंकि यह बिना सबूत के दर्ज की गई है. पुलिस को दिए गए बयान में मैने ऐसा कुछ भी नहीं कहा था कि उमंग सिंघार का दोष है और न ही कुछ हमें ऐसा लगता है कि उनका दोष है. मम्मी के बाद अगर यहां कोई गार्जियन है तो वही (उमंग सिंघार) हैं, इसलिए एफआईआर वापस लें ताकि हम लोग यहां शांति से रह पाएं. ज्ञात हो कि दो दिन पहले पूर्व मंत्री सिंघार की महिला मित्र सोनिया ने आत्महत्या की थी. सोनिया से पूर्व मंत्री की मित्रता थी और उसका सिंघार के घर पर आना जाना था. वह पिछले कई दिनों से उनके आवास पर थी और रविवार को उसने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. महिला पहले से शादीशुदा थी और उसका एक बेटा भी है. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी मिला था.

# इंदौर में कोरोना को परास्त करने वाले आगे आ रहे दूसरों की जान बचाने

**इंदौर।** कोरोना के संक्रमण से गहराए संकट का मुकाबला करने आगे आने वालों की कमी नहीं है. मध्यप्रदेश के इंदौर में तो कोरोना को परास्त कर चुके लोग संकटग्रस्त लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं और प्लाज्मा डोनेट कर रहे हैं. ज्ञात हो कि कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए प्लाज्मा थैरेपी को कारगर माना गया है. वे लोग जो कोरोना की गिरफ्त में आए और अब स्वस्थ हो चुके हैं, उनका प्लाज्मा गंभीर रूप से बीमार लोगों की प्राण रक्षा कर सकता है. इसी के मद्देनजर इंदौर में प्लाज्मा डोनेशन के लिए खास अभियान चलाया जा रहा है. संभागायुक्त डॉक्टर पवन शर्मा की पहल पर इंदौर में शुरू भ हुए प्लाज्मा डोनेशन कैंप में प्रतिदिन दानदाता सामने आ रहे हैं. यहां अपना प्लाज्मा डोनेट कर दूसरों की जान बचाने के लिए नागरिक विशेष रुचि दिखा रहे हैं. पिछले तीन दिनों में 21 लोगों ने अपना प्लाज्मा डोनेट किया है. बताया गया है कि इंदौर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गत 14 मई नौ लोगों ने 15 मई को छह और 16 मई को भी छह दानदाताओं ने आकर अपना प्लाज्मा डोनेट किया है. इंदौर में शुरू किए गए प्लाज्मा डोनेशन अभियान में ऐसे व्यक्ति जो प्लाज्मा डोनेट करना चाहते हैं, उनसे नगर निगम की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संपर्क किए जाने के बाद उनकी काउंसलिंग करती है. डोनेशन के लिए तैयार होने पर उनके घर में पैरामेडिकल स्टाफ भेज कर एंटीबॉडी की जांच की जाती है, इसके बाद एक बेहद सुरक्षित स्थल और वातावरण में उसे प्लाज्मा डोनेशन के लिए बुलाया जाता है. जिस स्थान पर प्लाज्मा डोनेशन होता है, वहां पर उसके लिए ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया जाता है, ताकि डोनर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके.



**कोविड आर्मी फॉर इंदौर**-इंदौर में तो संक्रमित लोगों की मदद की खातिर कोविड आर्मी फॉर इंदौर भी बना ली गई है. इस आर्मी से जुड़े लगभग डेढ़ सौ वालंटियर कोरोना पीड़ितों की निःशुल्क सेवा कर रहे हैं. राज्य में सबसे ज्यादा संक्रमित जिलों में इंदौर की गिनती होती है . यहां शासन-प्रशासन से लेकर आम लोग भी कोरोना संक्रमितों के लिए और पीड़ितों की मदद में जुटे हुए हैं. यही पहल एक निजी बैंक के युवा चिन्मय बक्शी ने शुरू की है . वैसे तो बे बैंक में डाटा साइंटिस्ट हैं मगर उन्होंने पीड़ितों की मदद के लिए नवाचार किया है. चिन्मय बताते हैं कि उनके मन में पीड़ितों की मदद का विचार आया उसके बाद उन्होंने वार रूम के नाम से इंटरनेट मीडिया पर कुछ ग्रुप बनाएं , जिसमें धीरे-धीरे डेढ़ सौ वॉलेंटियर जुट गए हैं. यह सभी लोग ऑक्सीजन, रेमडेसीविर इंजेक्शन और अन्य जरूरत की चीजों को उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं . जो समूह काम कर रहा है उसे नाम दिया गया है कोविड आर्मी फॉर इंदौर.

## कोरोना कहर के बीच उपज मंडियां बंद, दिग्विजय ने लिखा पत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना के गहराए संकट के बीच किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर किसानों की समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री चौहान को पत्र लिखकर कहा है कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियां बंद हैं. राज्य सरकार द्वारा ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन के माध्यम से किसानों की गेंहू की फसल को क्रय किया गया है किन्तु वर्तमान हालातों में सभी किसान अपनी फसल को पंजीयन के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाये हैं।

उन्होंने आगे लिखा है कि किसानों की धनिया, सरसो और चने की फसल भी नहीं बिक पाई है. छोटे किसानों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी खाद, बीज एवं अन्य कृषि संबन्धी आवश्यकताओं के लिये साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लिया जाता है, जो उन्हें फसल आते ही चुकाना होता है. मंडियां बंद होने से अनेक किसान अपनी उपज को बेच नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण वे साहूकारों से ब्याज पर ली गई राशि चुकाने में असमर्थ हैं. ऐसी स्थिति में किसानों पर काफी मानसिक दबाव है तथा



उन पर साहूकारों का बकाया चुकाने के लिये दबाव है और ब्याज बढ़ता जा रहा है जो किसानों के लिये तनाव का कारण है. दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में सुझाव दिया है कि जो किसान अपनी रबी की फसल जैसे गेंहू, चना, धनिया अथवा सरसों आदि नहीं बेच पाये हैं, उनके लिये फसलों को बेचने हेतु कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करते हुए व्यवस्था की जाये. इसके लिये सरकार ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों की फसल का पंजीयन पुनः प्रारंभ करे तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी फसल को उनके गांव व खलिहान से सीधे क्रय की जाये. पूर्व मुख्यमंत्री का सुझाव है कि मंडियां बंद होने के कारण किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान के लिये उन्हे विशेष पेकेज दिया जाना चाहिए ताकि वर्तमान हालात में वे अपना गुजारा कर सकें. पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि बीज और कीटनाशकों की दर निर्धारित की जानी चाहिए एवं अमानक बीज के विक्रय और उसकी कालाबाजारी को रोकने के लिये पहले से ही प्रबंध करना चाहिए. कई स्थानों पर फल व सब्जी आदि न मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं. इसको लेकर सिंह ने कहा है कि फल, सब्जी आदि जल्दी खराब हो जाते हैं, इसलिये उन्हें स्टोर करना मुश्किल है. इसलिए उनके लिए छोटी छोटी वैकल्पिक मंडियो की व्यवस्था की जानी चाहिए एवं नुकसान की स्थिति में सरकार द्वारा सीधे किसानों को मदद की जानी चाहिए.

## एक नजर...

### फोन कॉल पर दिव्यांगों को मिलेगी वैक्सीनेशन, चिकित्सा आदि सुविधाएँ

### दिव्यांगों की जीवन-रक्षा और नित्योपयोगी जरूरतें पूरी करने नेटवर्क स्केन का लोकार्पण, दिव्यांग 0120-690-4999 पर करें फोन कॉल

**ग्वालियर।** दिव्यांगजनों की जीवन-रक्षा के साथ नित्योपयोगी जरूरतों को पूरा करने के लिये आज प्रदेश में सक्षम कोविड एक्शन नेटवर्क %स्केन% का शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्री प्रतीक हजेला ने कहा कि विभाग सक्षम संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किये गये नेटवर्क के साथ मध्यप्रदेश समन्वय स्थापित कर दिव्यांगों और उनके परिवार को वैक्सीनेशन, वैक्सीनेशन से संबंधी परामर्श, टेलिमेडिसिन, राशन आदि की सुविधा उपलब्ध करायेगा। श्री हजेला ने आशा व्यक्त की कि स्केन नेटवर्क की मदद से सभी वृद्धजनों और दिव्यांगों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कोविड मरीजों को बेड, ऑक्सीजन, उपचार आदि सुविधाएँ उपलब्ध कराने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश में हाल ही में पब्लिक-डॉक्टर टेलिमेडिसिन एप लाँच कर एलोपैथी, आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सकों की सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं। दिव्यांगजन एवं परिवार फोन नम्बर-0120-690-4999 पर कॉल कर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। आयुक्त निःशक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक ने बताया कि दिव्यांगों के लिये जिला और नगरीय निकाय स्तर पर शासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। सक्षम संस्था के साथ संयुक्त टीमें बनाकर दिव्यांगों और उनके परिवारों की सहायता की जायेगी। संस्था द्वारा नियुक्त वॉलेंटियर्स दिव्यांगजन का पंजीयन कर फार्म भरने में सहायता करेंगे। दूरस्थ अंचलों के दिव्यांगों के कोविड वैक्सीनेशन, वाहन न होने की स्थिति में वैक्सीनेशन स्थल तक लाने-ले जाने के लिये वाहन, एम्बुलेंस व्यवस्था, राशन और नित्य उपयोग में आने वाली वस्तुओं को भी उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अंतिम संस्कार में भी सहायता की जायेगी। हेल्पलाइन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सूरदास जयंती पर वर्चुअली आयोजित स्केन लोकर्पण कार्यक्रम में सक्षम के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी श्री राजकुमार मटाले, डॉ. सुकुमार, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. सुरेन्द्र, श्रीमती स्वाति धारे, डॉ. आशीष गुप्ता, श्री पीयूष जैन आदि ने भाग लिया।

बीना आगासोद में निर्माणाधीन कोविड हॉस्पिटल का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण - मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह

### कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रख कर की जा रही युद्ध स्तर पर तैयारी

**दतिया।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बीना आगासोद रिफाइनरी के पास स्थित ग्राम चक्क में निर्माणाधीन 10000 बिस्तरों के अस्पताल के कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्माणाधीन अस्पताल का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान बीना विधायक श्री महेश राय, कलेक्टर श्री दीपक सिंह, उप पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा की वर्तमान में वॉटर प्रूफ हॉस्पिटल डोम सहित अन्य डोम, हॉस्पिटल डोम तक ऑक्सीजन पाइप-लाइन, बिजली आपूर्ति, पानी सप्लाई, सीवरेज एवं लेटबाथ व्यवस्था, खाने की व्यवस्था के लिये सेड निर्माण आदि लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये गये हैं। आप सभी को 24 मई तक हर हाल में शेष बचे कार्य को करते हुए इस हॉस्पिटल को शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या घट रही है, जिससे हम सभी को राहत मिली है। आगामी तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री की इस महत्वकांक्षी योजना के निर्माण कार्य को हमें शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण करना है, जिससे 25 मई के बाद इस कोविड हॉस्पिटल का लोकार्पण किया जा सके। श्री सिंह ने कहा कि 1000 बिस्तरीय अस्पताल बन जाने से सागर जिला सहित अशोकनगर, गुना, विदिशा जिलों के कोरोना संक्रमित मरीजों को भी शीघ्रता एवं सुगमता से इलाज मिल सकेगा। कलेक्टर श्री दीपक सिंह ने निर्देश दिये कि अस्पताल तक आने-जाने के लिए बीना से परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। इसके लिए तैयार रोडमैप अनुसार सड़कों का पेंचवर्क, दिशा-सूचक, शाइन-बोर्ड आदि लगाने का कार्य भी तत्काल कराया जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल परिसर में पानी, टायलेट, सड़क, हेलीपेड, हॉस्पिटल डोम, बिजली व्यवस्था, ऑक्सीजन सप्लाई आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की और जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 1000 बेडेड हॉस्पिटल के लिये 200 टायलेट्स बनाना हैं। सभी टायलेट्स में फाइबर सीट लगायें, सीवरेज का प्लान करें, ड्रेनेज सिस्टम तैयार करें और 1500 वर्गमीटर फ्लोर पर सीसी कंक्रीट के ऊपर मोटी विनायल सीट लगायें, ताकि स्ट्रेचर, व्हील-चेयर आदि से पेसेंट्स को लाने-ले जाने में आसानी रहे। पेबर ब्लॉक लगाने के पहले बेस तैयार करें फिर ब्लॉक लगायें। एडमिन ब्लॉक, स्टोरेज ब्लॉक, मरीजों के परिजनों के लिये अटेंडर ब्लॉक, अक्षय फाउंडेशन के लिए खाना बनाने एवं पैकिंग के लिये किचिन सहित ब्लॉक, यहाँ आने वालों को रिफ्रेशमेंट जैसे चाय, बिस्किट, फल, दूध आदि के लिये कन्वेनियन्स शॉपिंग ब्लॉक सहित पार्किंग की अच्छी व्यवस्था करें।

### प्रदेश को मिले 100 और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

**दतिया।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार को मालवीय भवन, तुलसी नगर स्थित ड्रग स्टोर में 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की प्राप्ति के समय मौजूद रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) के सहयोग से प्राप्त इन कंसंट्रेटर को प्रदेश के विभिन्न जिलों में वितरित किया जायेगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि डब्ल्यू.एच.ओ. के माध्यम से 4000 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर अलग-अलग राज्यों को प्राप्त हुए हैं। यह कंसंट्रेटर मरीजों के इलाज के लिये उपयोग साबित होंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना की रोकथाम के लिये सरकार लगातार प्रयासरत है। उसी का नतीजा है कि प्रदेश में पॉजीटीविटी रेट में कमी और रिकवरी रेट में बढ़ोत्तरी हुई है। जनता के आत्म-अनुशासन से प्रदेश का स्थान कोरोना के आकड़ों में नीचे आया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की प्रशंसा की है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि म्यूकोरमाइक्रोसिस (ब्लैक फंगस) के इलाज के लिये सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पाँच मेडिकल कॉलेजों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। ब्लैक फंगस के उपचार के लिये टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। अगले 15 दिन म्यूकोरमाइक्रोसिस की प्राथमिक लक्षणों पर पहचान कर उसके उपचार का अभियान चलाया जा रहा है। नेजल एंडोस्कोपी फ्री ऑफ कॉस्ट करने के लिये ई.एन.टी. एसोशियेशन और प्रायवेट सेक्टर से बात की जा रही है। सभी डीन और ई.एन.टी. सर्जन के साथ मिलकर इसके इलाज के लिये विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके साथ ही इसके इलाज के लिये दवाईयों की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, डब्ल्यू.एच.ओ. के स्टेट टीम लीडर डॉ. अभिषेक जैन और डॉ. जतिन ठक्कर मौजूद थे।





# जनमित्र केन्द्रों के माध्यम से लोगों को मिले योजनाओं का लाभ

कहीं पर भी जल भराव न हो इसके लिए सभी आवश्यक उपाय करें, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जनमित्र केन्द्रों एवं निगम के जोनल कार्यालय का किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं कोविड के लिये जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि कोविड महामारी के इस दौर में जनमित्र केन्द्रों के माध्यम से जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। इसके साथ ही टीकाकरण कार्य को भी तेजी के साथ करें। कोविड वैक्सीन का अपव्यय न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम और सावधानी के लिये आम जनों में जन जागृति के लिए प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने जनमित्र केन्द्र क्र.-17 लक्कड़खाना, जनमित्र केन्द्र सिंधी कॉलोनी, जनमित्र केन्द्र क्र.-19 महाराज बाड़ा तथा नगर निगम के बाड़ा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी भी उपस्थित थे।



मंत्री श्री तोमर ने जनमित्र केन्द्रों पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि केन्द्र के माध्यम से आम जनों को जो सुविधाओं और योजनाओं का जो लाभ दिया जा रहा है वह प्राथमिकता से दिया जाए। कोई भी नागरिक जनमित्र केन्द्र से सेवाओं के लिये परेशान न हो। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि कोविड के इस दौर में जरूरतमंदों को शासन द्वारा पाँच माह का निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन हितग्राहियों के पास राशन के लिये पात्रता पर्ची नहीं है उन्हें अस्थायी पर्ची देने का कार्य भी किया जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने निरीक्षण के दौरान रॉक्सीपुल पर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया और सफाई कर्मियों से चर्चा भी की। नाले में गंदगी जमा होने से जल निकासी प्रभावित हो रही है। इसके लिये तत्काल सफाई कराने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए। उन्होंने निगम अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि शहर में जहां भी बरसात का पानी इकठ्ठा होता है वहां पर जल निकासी की व्यवस्था समय रहते कर ली जाए।

# किल कोरोना-3 अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य पूरी गंभीरता से करें





### कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने डबरा, भितरवार व बरई में भ्रमण कर दिए निर्देश

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे किल कोरोना-3 अभियान के तहत सभी गाँवों में सर्वेक्षण का कार्य पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। सर्वेक्षण के दौरान ग्राम स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों को भी दल अपने साथ ले जाए। ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान जिन लोगों में भी कोविड के लक्षण पाए जाते हैं उन्हें दवा वितरण का कार्य भी सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को डबरा, भितरवार और बरई का भ्रमण कर सरपंचों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डबरा एवं भितरवार, बीएमओ और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने डबरा और भितरवार में सरपंचों की बैठक लेकर कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिये कोविड गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित कराना आवश्यक है। जिन ग्रामों में कोविड मरीज निकले हैं उनमें गाँवों में आवाजाही बंद की जाए। जिन गाँवों में मरीज हैं वहां कंटेनमेंट जोन भी बनाकर बेरीकेटिंग की जाए। प्रत्येक पंचायत में क्वारंटाइन सेंटर भी स्थापित किए जाएं। जिन लोगों को होम क्वारंटाइन नहीं किया जा सकता उन्हें पंचायत स्तर के क्वारंटाइन सेंटर में रखा जाए। ऐसे मरीज जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता है उन्हें भर्ती कराने का कार्य भी तत्परता से किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण के दौरान मरीजों को चिन्हित करने के साथ-साथ ग्रामीणों को कोविड संक्रमण से बचने हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने की भी जानकारी दी जाए। ग्राम स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों से भी जन जागरूकता में सहयोग करने तथा ग्रामीणों को निरंतर जागरूक करने का आग्रह करें। उन्होंने यह भी कहा है कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कोई भी प्रकरण नहीं आया है वहां के ग्रामीणों को भी कोविड गाइडलाइन का पालन करने हेतु सचेत किया जाए।

### उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के अधिवक्तागण हेतु आयोजित, योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**ग्वालियर।** वर्तमान परिस्थितियों में पूरे देश में फैली वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव हेतु शरीर को तंदुरूस्त बनाए रखने एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, जिस हेतु उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर के तत्वावधान में प्रथम चरण में दिनांक 10 मई 2021 से 19 मई 2021 तक उच्च न्यायालय खण्डपीठ के अधिवक्तागण हेतु योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन आज 19 मई 2021 को हुआ। समापन अवसर पर योग गुरू श्री श्रीकांत मिश्रा द्वारा कोविड से बचाव के लिये आवश्यक योगासन, प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया तथा अधिवक्तागण द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विस्तृत रूप से निराकरण किया गया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य, वरिष्ठ अधिवक्तागण, शासकीय अधिवक्तागण एवं अधिवक्तागण ने उपस्थित रहकर योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी अनुक्रम में द्वितीय चरण में दिनांक 20 मई 2021 से 29 मई 2021 तक प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के अधिकारी-कर्मचारीगण हेतु योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति श्री शील नागू, प्रशासनिक न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा किया जायेगा।




कोरोना से सम्बधित जानकारी के लिए संपर्क करें

8889437489




ब्रम्हाणी हॉस्पीटल



डॉ. ब्रजेश सिंह राजपूत (बंटी), संचालक

अपील: कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाकर रखें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, घर में रहें स्वस्थ रहें।



महावीर सिंह भदौरिया
ब्राह्मणी सिविल टेक प्राइवेट लिमिटेड

माँ वैष्णोपुरम, गदाईपुरा ग्वालियर मध्य प्रदेश

सम्पर्क: 7354900036


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478